दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 102 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक | सोमवार, 17 नवम्बर 2025 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी संवत्-2082
भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in  badhatarajasthan@yahoo.com  badhatarajasthan.dainik  badtarajasthan

## 20 लाख की सुपारी देकर दोस्त का किडनैप करवाया

### 50 लाख की फिरौती मांगी, बदमाश पहले दिन कामयाब नहीं हुए तो दो दिन बाद किया अपहरण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में बिजनेसमैन का किडनैप कर 50 लाख रुपए की फिरौती मांगने के मामले का रविवार को प्रताप नगर थाना पुलिस ने खुलासा किया है। पैसों के लेन-देन को लेकर परेशान होकर दोस्त ही उसका दुश्मन बन बैठा।

आपसी रंजिश के चलते बदमाशों को हथियार उपलब्ध करवाकर 20 लाख रुपए की सुपारी देकर बिजनेसमैन का ही किडनैप करवा डाला। पुलिस मामले में फरार चल रहे और आरोपियों की तलाश कर रही है।

पुलिस ने मामले में मास्टरमाइंड सहित तीन हथियारबंद बदमाशों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी है। डीसीपी (ईस्ट) संजीव नैन ने बताया- किडनैपिंग का मास्टर माइंड सुरेन्द्र चौधरी(44) प्रतापनगर निवासी जयपुर में मिनी बस 55- नंबर रूट का बस संचालन का काम करता है।

किडनैपर्स के चुंगल से मुक्त करवाया गया बिजनेसमैन भी मिनी बस संचालन का काम करता है। पीड़ित बिजनेसमैन और मास्टर माइंड सुरेन्द्र चौधरी आपस में दोस्त थे। पीड़ित ने ही सुरेन्द्र चौधरी को बसें दिलवाई थी, जिसमें पीड़ित बिजनेसमैन खुद गारंटर के तौर पर था। पैसों के लेन-देन को लेकर दोनों दोस्तों में आपसी रंजिश रखने पर दुश्मनी हो गई।

#### किडनैपिंग की रची प्लानिंग, हायर किए बदमाश

डीसीपी ने आगे बताया कि बदला लेने की नीयत से मास्टर माइंड सुरेन्द्र चौधरी ने साथी बिजनेसमैन की किडनैपिंग कर फिरौती मांगने का प्लान बनाया। प्लानिंग के तहत पहले अवैध हथियारों की व्यवस्था की। उसके बाद आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों से कॉन्टैक्ट कर बदमाशों को हायर किया। किडनैप कर बिजनेसमैन से 50 लाख की फिरौती के एवज में बदमाशों को हथियार उपलब्ध करवाने के साथ 20 लाख रुपए सुपारी में सौदा तय हुआ।



#### दूसरी बार में बिजनेसमैन का किया किडनैप

दुश्मन बने सुरेन्द्र चौधरी ने हायर किए बदमाशों को बताया कि पीड़ित बिजनेसमैन सुबह करीब 6:30 बजे घर से बसों का कलेक्शन लेने जाता है। प्लानिंग के तहत 8 नवम्बर को बदमाशों ने किडनैपिंग का प्रयास किया, लेकिन उसे उठाने में नाकाम रहे। उसके दो दिन बाद दोबारा 10 नवम्बर को सुबह कार लेकर पहुंचे बदमाशों ने बिजनेसमैन का किडनैप कर लिया।

## दिल्ली में ब्लास्ट हुई कार का मालिक गिरफ्तार

### एनआईए ने आमिर को दिल्ली से पकड़ा, इसने आतंकी उमर के साथ धमाके की साजिश रची




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट केस में एनआईए ने रविवार को आतंकी उमर के साथी आमिर राशिद अली को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। इसने उमर के साथ मिलकर दिल्ली ब्लास्ट की साजिश रची थी। वह जम्मू-कश्मीर के पंपोर के संबूरा का रहने वाला है। टी-20 कार आमिर के नाम पर ही रजिस्टर्ड थी। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकी डॉ. उमर नबी से जुड़े कुछ लोगों को पकड़ा है। जांच में पता चला कि डॉक्टरों वाला यह व्हाइट-कॉलर मॉड्यूल पिछले साल से एक सुसाइड बॉम्बर ढूंढ रहा था और इसकी जिम्मेदारी उमर पर थी। हिरासत में लिए गए काजीगुंड के जसीर उर्फ दानिश ने बताया कि उसकी इस मॉड्यूल से पहली मुलाकात अक्टूबर 2023 में कुलगाम की एक मस्जिद में हुई थी। बाद में उसे फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी के पास किराए के कमरे में रखा गया। मॉड्यूल उसे ओवरग्राउंड वर्कर बनाना चाहता था, लेकिन उमर महीनों तक उसे सुसाइड बॉम्बर बनने के लिए मनाता रहा। योजना इसलिए फेल हुई क्योंकि जसीर ने आर्थिक तंगी और इस्लाम में आत्महत्या हराम होने की बात कहकर सुसाइड बॉम्बर बनने से मना कर दिया। सुसाइड बॉम्बर नहीं मिलने पर डॉ. उमर आत्मघाती हमलावर बना और हमले को अंजाम दिया। दिल्ली में सुभाष मार्ग सिग्नल पर 10 नवंबर को हुए ब्लास्ट में 13 लोग मारे गए थे। 20 से ज्यादा घायलों का इलाज जारी है। 3 की हालत गंभीर है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसी फॉर्च्यूनर, 5 की मौत

बढ़ता राजस्थान

**ग्वालियर।** ग्वालियर में तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि फॉर्च्यूनर सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कार ट्रॉली के नीचे घुस गई, जिसकी वजह से कोई भी यात्री बच नहीं पाया।

हादसा ग्वालियर-झांसी हाइवे पर शहर से करीब 20 किलोमीटर पहले रविवार सुबह साढ़े 5 से 6 बजे के बीच हुआ। सभी मृतक ग्वालियर निवासी बताए जा रहे हैं। वे फॉर्च्यूनर में उत्तर प्रदेश के झांसी से एक कार्यक्रम में शामिल होकर ग्वालियर लौट रहे थे। कार जैसे ही मालवा कॉलेज के सामने पहुंची, मोड़ पर रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली सामने आ गई। तेज रफ्तार होने के कारण ड्राइवर, कार को नियंत्रित नहीं कर सका और कार पीछे से ट्रॉली में घुस गई। शव कार और ट्रॉली के बीच बुरी तरह फंसे हुए थे। पुलिस और स्थानीय निवासियों ने कटर मशीन की मदद से गाड़ी को काटकर शवों को बाहर निकाला।

## राजस्थान में बढ़ी कड़ाके की सर्दी!

### कई जिलों में शीतलहर और घना कोहरा, तापमान में भी भारी गिरावट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है और सर्दी अपने चरम की ओर बढ़ रही है. नवंबर माह की ठंड ने इस बार पिछले वर्षों के रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में हुई बर्फबारी का सीधा असर अब राजस्थान में दिखने लगा है। पहाड़ियों से आने वाली ठंडी उत्तरी हवाओं ने सुबह और शाम की ठिठुरन को काफी बढ़ा दिया है। कई जिलों में शीतलहर का असर जारी है, जिससे लोगों को ठंड का अधिक अहसास हो रहा है. वहीं, कोहरे का प्रभाव भी कई इलाकों में दिखाई देने लगा है, जिससे दृश्यता प्रभावित हुई है।

मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में फिलहाल मौसम स्थिर रहेगा, हालांकि तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

अगले कुछ दिनों में कई किलोमीटर तक कोहरे की परत छाई रहने की संभावना जताई गई है, जिससे यातायात पर भी असर पड़ सकता है. मौसम विभाग की डेली डाटा रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के अधिकांश जिलों में मौसम शुष्क रहा। वहीं, ठंड और कोहरे को गतिविधियों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान बाड़मेर में 32.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान फतेहपुर में 5.0 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। दर्ज प्रेक्षण के अनुसार राज्य में आर्द्रता की औसत मात्रा लगभग 21 से 54 प्रतिशत के मध्य दर्ज की गयी।



#### मुख्य जिलों का अधिकतम तापमान

मौसम विभाग की फोरकास्ट रिपोर्ट के अनुसार, को अजमेर में 27 .8 डिग्री, भीलवाड़ा में 27,0 डिग्री, अलवर में 27 .4 डिग्री, जयपुर में 28 .4 डिग्री, पिलानी में 29 .7 डिग्री, सीकर में 27 .5 डिग्री, कोटा में 27,8 डिग्री, चित्तौड़गढ़ में 29,0 डिग्री, बाड़मेर में 32 .4 डिग्री, जैसलमेर में 30 .9 डिग्री, जोधपुर में 29 .8 डिग्री, बीकानेर में 31 .3 डिग्री, चूरू में 29 .7 डिग्री और श्री गंगानगर में 30 .5 डिग्री, नागौर में 29 .9 डिग्री, जालौर में 29 .2 डिग्री, सिरोही में 26 .7 डिग्री, करौली में 26 .7 डिग्री, दौसा में 29 .4 डिग्री और झुंझुनूं में 28 .1 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया।

#### अगले एक सप्ताह तक मौसम बना रहेगा शुष्क

जयपुर मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार, प्रदेश में लगातार शुष्क मौसम बना हुआ है, जिससे उत्तरी व पूर्वी हवाओं का दबाव बढ़ने के साथ सर्दी में तेजी आ रही है। शीतलहर के असर से दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है. हिमालय व उत्तर भारत से आने वाली ठंडी हवाएं शरीर से गर्मी को तेजी से बाहर निकाल देती है, जबकि नमी कम होने से ठंड का अहसास और बढ़ जाता है। राजस्थान का बड़ा हिस्सा शुष्क व रेगिस्तानी होने के कारण जमीन जल्दी ठंडी हो जाती है और रात के तापमान में अचानक गिरावट आती है. दिन का तापमान सामान्य रहता है, लेकिन न्यूनतम पारा काफी नीचे चला जाता है, जिससे तापमान में बड़ा अंतर महसूस होता है और ठंड अधिक लगती है. फिलहाल शेखावाटी समेत नागौर सहित प्रदेश के कई हिस्सों में आगामी एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

## वी श्रीनिवास राजस्थान के नए मुख्य सचिव बने



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्य सरकार ने 1989 बैच के आईएएस अफसर वी श्रीनिवास को राजस्थान का नया मुख्य सचिव बनाया है। कार्मिक विभाग ने रविवार को नियुक्ति के आदेश जारी किए। सुधांश पंत के रिलीव होने के साथ ही श्रीनिवास सोमवार (17 नवंबर) को चार्ज लेंगे। श्रीनिवास पिछले सात साल से केंद्रीय डेपुटेशन पर थे। उन्हें 14 नवंबर की शाम को ही केंद्रीय डेपुटेशन से राजस्थान के लिए रिलीव किया गया था। वे रिलीव होने से पहले केंद्रीय प्रशासनिक सुधार, लोक शिकायत, पेंशन्स और पेंशनर्स कल्याण विभाग के सचिव थे। वी श्रीनिवास सितंबर 2026 तक पद पर रहेंगे। नए मुख्य सचिव की नियुक्ति के बाद अब जल्द प्रशासनिक फेरबदल की संभावना है। वी श्रीनिवास को मुख्य सचिव के साथ राजस्थान

#### आज चार्ज लेंगे

राज्य माइंस एंड मिनरल्स लिमिटेड के अध्यक्ष और मुख्य आवासीय आयुक्त दिल्ली का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। सुधांश पंत को केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में सचिव के पद पर 30 नवंबर को जॉइन करना है। इस पद पर जॉइन करने से पहले तक के लिए पंत को कैबिनेट सचिवालय में ओएसडी बनाया गया है।

#### सुबोध अग्रवाल के बाद सबसे सीनियर हैं श्रीनिवास

वी श्रीनिवास को सीएस बनाने से केवल एक अफसर की सीनियॉरिटी लांघी है। आईएएस अफसरों में वी श्रीनिवास, सुबोध अग्रवाल के बाद सबसे सीनियर हैं। 1988 बैच के एकमात्र आईएएस सुबोध अग्रवाल दिसंबर में रिटायर हो रहे हैं।

## श्रीनगर थाने में ब्लास्ट तेज रोशनी और गर्मी से हुआ

### फॉरेंसिक अधिकारी बोले- ये आतंकी हमला नहीं; घटना में 9 की मौत हुई थी

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर/नई दिल्ली (एजेंसी)।** श्रीनगर के नौगाम पुलिस स्टेशन में 14 नवंबर को सैंपलिंग के दौरान हुए ब्लास्ट को फॉरेंसिक टीम ने एक दुर्घटना बताया है। उसने स्पष्ट किया कि यह आतंकी हमला नहीं था।



फॉरेंसिक टीम की जांच में सामने आया है कि एफएसएल और एनएसजी की टीम अमोनियम नाइट्रेट, पोटेशियम नाइट्रेट, सल्फर और अन्य केमिकल्स के आखिरी बॉक्स से सैंपल की जांच कर रही थीं, तभी बहुत ज्यादा रोशनी होने के कारण बाहर गर्मी बढ़ी और धमाका हो गया। ये सैंपल दिल्ली ब्लास्ट मामले में फरीदाबाद से जब्त लगभग 360 किलो विस्फोटक सामग्री से लिए गए थे। दरअसल 14 नवंबर की रात करीब 11:20 बजे नौगाम थाने में ब्लास्ट हो गया, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई और 32 लोग घायल हो गए

## राजस्थान के पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल

### 142 एएसपी के तबादले, तीन अफसरों को नई महिला बटालियन का अतिरिक्त जिम्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। गृह विभाग ने शनिवार रात आदेश जारी कर 142 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों का तबादला कर दिया। तीन अफसरों को नवगठित महिला बटालियनों में डिप्टी कमाडेंट के पद का अतिरिक्त कार्यभार भी सौंपा गया है। यह अतिरिक्त कार्यभार उन्हें अगले आदेश तक संभालना होगा। जोधपुर में डिप्टी कमांडेंट प्रथम बटालियन आरएसी के राजीव कुमार परिहार को डिप्टी कमांडेंट अमृता देवी महिला बटालियन बाड़मेर की जिम्मेदारी भी दी गई है। वहीं अजमेर में डिप्टी कमांडेंट हाडीरानी महिला बटालियन की प्रीति कांकाणी को डिप्टी कमांडेंट पदमिनी महिला बटालियन सीकर और जयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (पुलिस अधीक्षक केंद्रीय भंडार पुलिस मुख्यालय) के यशपाल त्रिपाठी को डिप्टी कमांडेंट कालीबाई महिला बटालियन अलवर की कमान भी सौंपी गई है।



तरुणकांत सोमानी     संदीप सारस्वत

**जयपुर से बाहर भेजे गए पुलिस अधिकारी**-अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अपराध एवं सतर्कता पुलिस कमिश्नरेट जयपुर विमल सिंह का एएसपी कुचामन (डीडवाना-कुचामन) के पद पर तबादला किया गया है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त बर्गलरी एंड थैफ्ट पुलिस कमिश्नरेट जयपुर पुष्पेंद्र सिंह सोलंकी अब एएसपी मालपुरा, टोंक की जिम्मेदारी संभालेंगे।

पुलिस अधीक्षक लीव रिजर्व आयोजना आधुनिकीकरण एवं कल्याण पुलिस मुख्यालय जयपुर लोकेश मीणा का एएसपी नीमकाथाना (सीकर) के पद पर ट्रांसफर किया गया है।

#### जयपुर में पोस्टिंग पाने वाले पुलिस अफसर

एएसपी कामां डीग महेश मीना अब अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय पूर्व) पुलिस कमिश्नरेट जयपुर में नियुक्त किए गए हैं। एएसपी मालपुरा (टोंक) मोटाराम बेनीवाल अब एएसओ लीव रिजर्व कार्यालय महानिदेशक पुलिस प्रशिक्षण राजस्थान जयपुर में अपनी सेवाएं देंगे। एएसपी हनुमानगढ़ जनेश सिंह तंवर का एएसपी एचसीएमयू जयपुर के पद पर ट्रांसफर किया गया है। एएसपी सौरभ कोठारी, जो एपीओ थे, वे अब एएसपी सीआईडी एसएसबी जयपुर के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

एएसपी झालावाड़ चिरंजी लाल मीना अब एएसपी सीआईडी एसएसबी जयपुर में नियुक्त किए गए हैं। एएसपी महिला अपराध अनुसंधान सेल दौसा गुरुशरण राव अब अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त त्वरित अनुसंधान सेल पुलिस कमिश्नरेट जयपुर में सेवाएं देंगे।



## सम्पादकीय

# “विस्फोटक हैंडलिंग में लापरवाही से दोहरी त्रासदी उजागर”

इससे दुर्भाग्यपूर्ण और कुछ नहीं कि जो जम्मू-कश्मीर पुलिस अपनी अतिरिक्त सतर्कता के चलते फरीदाबाद के खतरनाक आतंकी माड्यूल तक पहुंची, वह उसी विस्फोटक के एक हिस्से में हुए विस्फोट की चपेट में आ गई, जिसे उसने बरामद किया था। श्रीनगर के नौगाम थाने में हुए विस्फोट में नौ लोगों ने जान गंवाई।

विस्फोट अमोनियम नाइट्रेट नामक उस विस्फोटक में हुआ, जिसका इस्तेमाल फरीदाबाद माड्यूल के एक आतंकी की कार में दिल्ली में लाल किले के निकट हुआ था। उसकी कार में हुए धमाके से 13 लोग मारे गए थे। यदि फरीदाबाद में विस्फोटक मिलते ही उसका भंडारण करने वाले आतंकियों के शेष साथियों की गहन तलाश को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती तो शायद लाल किले के निकट हुए धमाके को रोका जा सकता था। इसी तरह यदि फरीदाबाद में मिले विस्फोटक को श्रीनगर ले जाने की जरूरत नहीं पड़ती तो नौगाम थाने के जानलेवा हादसे से बचा जा सकता था। ये दोनों प्रसंग यही सबक दे रहे हैं कि पुलिस को और अधिक सजगता बरतने और अपनी कार्यप्रणाली में परिवर्तन लाने की जरूरत है।

फरीदाबाद में आतंकियों के ठिकाने से बरामद विस्फोटक को श्रीनगर के नौगाम थाने इसलिए ले जाया गया, क्योंकि इस आतंकी माड्यूल के खिलाफ एफआइआर यहीं दर्ज की गई थी। आखिर विस्फोटक के एक अंश को नमूने के तौर पर ले जाने के बजाय उसकी इतनी अधिक मात्रा क्यों ले जाई गई? अच्छा हो कि संवेदनशील विस्फोटकों को संबंधित थाने ले जाने की बाध्यता खत्म की जाए। अमोनियम नाइट्रेट बहुत ही संवेदनशील और अस्थिर प्रकृति का विस्फोटक है। तनिक भी असावधानी या प्रतिकूल परिस्थिति उसमें विस्फोट का कारण बन सकती है। यह ठीक नहीं कि खतरनाक विस्फोटक को बड़ी मात्रा में फरीदाबाद से श्रीनगर ले जाया गया और जब उसका परीक्षण किया जा रहा था तो तमाम सावधानी के बाद भी उसमें विस्फोट हो गया। आज जब आतंकियों का नेटवर्क देशव्यापी होने लगा है और वे घातक विस्फोटक कई ठिकानों में छिपाने लगे हैं, तब उन्हें हर जगह से उसी थाने ले जाना जरूरी नहीं होना चाहिए, जहां से मामले की जांच शुरू हुई हो। आतंकियों के पास से मिले विस्फोटकों के मामले में तो इस चलन को रोका ही जाना चाहिए। अब हर राज्य में आतंकवाद निरोधक दस्ता है। उसे यह सुविधा मिले कि अन्य राज्यों की पुलिस के लिए विस्फोटकों की जांच कर सके।

आखिर फरीदाबाद में मिले विस्फोटक की जांच हरियाणा में ही क्यों नहीं हो सकती थी? प्रश्न यह भी है कि जब फरीदाबाद माड्यूल का भंडाफोड़ होते ही यह स्पष्ट हो गया था कि यह आतंकवाद से जुड़ा मामला है और इसकी जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी अपने हाथ में लेगी, तब भी विस्फोटक श्रीनगर क्यों ले जाया गया?

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### आज का इतिहास

- 17 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ
- 1278 - इंग्लैंड़ में 680 यहूदियों को नकली मुद्रा रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया और इनमें से 293 को फाँसी पर लटका दिया गया।
- 1525 - मुग़ल शासक बाबर ने भारत को जीतने के मकसद से सिंध के रास्ते पांचवीं बार प्रवेश किया।
- 1831 - इक्वाडोर और वेनेजुएला ग्रेटर कोलंबिया से अलग हुए।
- 1869 - इंग्लैंड के जेम्स मूरी ने 13 हजार किलोमीटर लंबी पहली साइकिल रेस जीती।
- 1932 - तीसरे गोलमेज सम्मेलन की शुरुआत हुई।
- 1933 - अमेरिका ने सोवियत संघ को मान्यता देते हुए व्यापार के लिए सहमति दी।
- 1966 - भारत की रीता फारिया ने मिस वर्ल्ड का खिताब जीता। मिस वर्ल्ड बनने वाली वह पहली एशियाई महिला थी।
- 1970 - सोवियत अंतरिक्ष यान ‘लुनाखोद-1’ चन्द्रतल पर उतरा।
- रानी लक्ष्मीबाई का एक महत्त्वपूर्ण पत्र जो की उन्होंने ईस्ट इंडिया कंपनी के गवर्नर जनरल लॉर्ड डलहौज़ी को लिखा था लन्दन में ब्रिटिश लाइब्रेरी के आर्काइव्स में मिला हैं।
- 1993 - अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने उत्तरी अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते (नाफ्टा) को मंजूरी दी।
- 1995 - ओसाका में एशिया प्रशांत आर्थिक संघ (एपेक) का सातवां शिखर सम्मेलन शुरू।
- 1999 - अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस को यूनेस्को ने स्वीकृति दी।
- 2004- रामेश्वर ठाकुर उड़ीसा के राज्यपाल बने।
- 2005 - श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव सम्पन्न। इटली की संसद ने व्यापक संविधान संशोधनों को मंजूरी प्रदान की। वोल्कर समिति के दस्तावेज उपलब्ध कराने का संयुक्त राष्ट्र पर दबाव बढ़ा।
- 2006 - अमेरिकी सीनेट ने भारत-अमेरिका परमाणु संधि को मंजूरी दी।
- 2007 - जाफना प्राय:द्वीप में श्रीलंकाई सेना से मुठभेड़ में 11 लिबरेशन टाइगर मारे गये। आस्कर विजेता पीटर जीनर का निधन।
- 2008 - जे. एस. डब्ल्यू स्टील लिमिटेड ने बेल्कारी में 220 करोड़ की लागत से इस्पात संयंत्र स्थापित करने के ब्रिटेन की सीबरफील्ड रीवे स्ट्रेक्चर के साथ में समझौता किया। मालेगाँव ब्लास्ट की जाँच कर रही मुम्बई एटीएस ने अपने पूर्व के वक्तव्य को पलटते हुए कहा कि समझौता एक्सप्रेस ब्लास्ट में आरडीएक्स लेफ्टिनेंट कर्नल श्रीकान्त पुरोहित ने उपलब्ध नहीं कराये थे। मालेगाँव ब्लास्ट मामला सर्वोच्च न्यायालय में पहुँचा। भारत ने दूसरे वन डे में इंग्लैण्ड को 54 रनों से हराया। चन्द्रयान-1 की सफलता के बाद केन्द्र सरकार ने चन्द्रयान-2 की मंज़ूरी दी।

## विशेष आलेख

# लोकतंत्र में मतदाता सूची की शुचिता का प्रश्न और एसआईआर की अनिवार्यता



डॉ. प्रियंका सौरभ

**भारत में चुनाव केवल राजनीतिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र का सबसे जीवंत उत्सव है। मतदान जनता को अपनी आवाज़ सुनाने और नीतिगत दिशा तय करने का अवसर प्रदान करता है। इस दौरान प्रशासन निष्पक्षता, सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्थाएँ करता है मतदान केंद्रों की तैयारी से लेकर जागरूकता अभियानों तक। चुनाव आयोग द्वारा की गई व्यवस्थाएँ नागरिकों के भरोसे को मजबूत करती हैं। वोट देना केवल अधिकार नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी भी है, जो राष्ट्र के भविष्य को दिशा देती है।**

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहाँ शासन की असली शक्ति जनता के हाथों में निहित मानी जाती है। यहाँ सरकार जनता द्वारा चुनी जाती है और संविधान की स्पष्ट व्यवस्था के अनुसार यह प्रक्रिया चुनाव आयोग की निष्पक्ष संरचना और उसकी कार्यशैली द्वारा संचालित होती है। मतदाता सूची इस पूरी प्रक्रिया की आधारशिला है क्योंकि उसी के माध्यम से नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। इसलिए मतदाता सूची की विश्वसनीयता और शुचिता लोकतंत्र की स्थिरता के लिए अत्यंत आवश्यक है। यही संदर्भ विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को अत्यधिक महत्वपूर्ण बनाता है।

मतदाता सूची में त्रुटियाँ कई रूपों में सामने आती हैं मृत व्यक्तियों के नाम, एक व्यक्ति का दो स्थानों पर नाम, पात्र मतदाताओं के नाम का गायब होना, या पते के परिवर्तन के बावजूद संशोधन न होना। ऐसी स्थिति चुनावों की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न खड़े करती है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 324 चुनाव आयोग को व्यापक अधिकार देता है, जिसमें चुनाव संचालन, नियंत्रण, निर्देशन और पर्यवेक्षण शामिल हैं। अतः एसआईआर केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि संवैधानिक रूप से स्थापित लोकतांत्रिक दायित्व है।

1950 में संविधान लागू होने के बाद से ही चुनाव आयोग नियमित रूप से मतदाता सूची में संशोधन करता रहा है। कुछ राज्यों में एसआईआर के दौरान बड़ी मात्रा में मृतकों के नाम हटाए गए, गलत प्रविष्टियाँ सुधारी गईं, और स्थानांतरित या नए पात्र मतदाताओं को सूची में जोड़ा गया। बिहार और बंगाल में हुए पुनरीक्षणों के उदाहरण बताते हैं कि लंबे समय से निष्क्रिय पड़े नामों को हटाने से मतदाता सूची अधिक वास्तविक और पारदर्शी बन सकी। बंगाल में 7.6 करोड़ मतदाताओं की सूची में से लगभग 47 लाख नाम हटाए गए, जिससे पता चलता है कि अगर नियमित संशोधन न हो तो सूची कितनी विकृत हो सकती है।

मतदाता सूची में त्रुटियाँ केवल तकनीकी समस्या नहीं वे चुनावी निष्पक्षता, प्रतिनिधित्व के अधिकार और जनविश्वास पर सीधा आघात करती हैं। यदि किसी नागरिक का नाम सूची से गायब है, तो वह अपने मौलिक लोकतांत्रिक अधिकार मताधिकार से वंचित हो जाता है। दूसरी ओर, मृतकों या स्थानांतरित लोगों के नाम बने रहने से फर्जी मतदान या राजनीतिक दुरुपयोग की आशंका बढ़ती है। इन विसंगतियों से लोकतंत्र की वैधता कमजोर होती है। कुछ लोग एसआईआर को राजनीतिक हस्तक्षेप या सरकार द्वारा मतदाता सूचियों में हस्तक्षेप के रूप में देखने लगते हैं, जबकि यह शंका तथ्यहीन है। मतदाता सूची का शुद्धिकरण किसी दल की जीत या हार के लिए नहीं, बल्कि निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के लिए आवश्यक है। चुनाव आयोग पूर्णतः स्वायत्त संस्था है और उसके निर्णय न्यायालयों द्वारा भी संरक्षित माने जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कई फैसलों में स्पष्ट कहा है कि निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की आधारशिला है और इसके लिए मतदाता सूची की शुचिता सुनिश्चित करना अनिवार्य है।

एसआईआर के दौरान नागरिकों की सक्रिय भागीदारी भी महत्वपूर्ण है। यदि लोग स्वयं अपनी प्रविष्टियों की जाँच न करें, त्रुटियाँ सम्बंधित बूथ लेवल अधिकारियों को न बताएं, और दस्तावेज उपलब्ध न कराएं तो प्रक्रिया धीमी हो जाती है। आज भी बड़ी संख्या में ऐसे नागरिक हैं जिनके नाम गलत होने पर वे स्वयं सुधार के लिए आगे नहीं आते। यह उदासीनता लोकतंत्र को कमजोर करती है। इसलिए चुनाव आयोग ने डिजिटल साधनों जैसे वोटर हेल्पलाइन ऐप, ऑनलाइन फॉर्म, पोर्टल का उपयोग बढ़ाया है ताकि लोग आसानी से संशोधन कर सकें।

एसआईआर के विरोध करने वालों को यह समझना चाहिए कि यह प्रक्रिया मतदाता सूची में विसंगतियों को दूर करने, फर्जी मतदान रोकने और सही मतदाता आधार सुरक्षित करने के लिए है। जिन राज्यों में यह प्रक्रिया रोकी गई या राजनीतिक विवाद के कारण ठप हो गई, वहां मतदाता सूची में भारी त्रुटियाँ पाई गईं। ऐसे मामलों में न्यायालयों ने स्वयं दिशा-निर्देश जारी कर मतदाता सूची के शुद्धिकरण की आवश्यकता दोहराई है।

अतः एसआईआर का विरोध लोकतांत्रिक मूल्यों का विरोध है। भारत जैसे विशाल देश में जहाँ 96 करोड़ से अधिक मतदाता हैं, वहां मतदाता सूची का अद्यतन एक अत्यंत जटिल, विशाल और सतत प्रक्रिया है। इसे केवल सरकारी जिम्मेदारी मानना पर्याप्त नहीं; यह नागरिक कर्तव्य भी है। चुनाव आयोग केवल ढाँचा देता है, लेकिन उसे प्रभावी बनाने का दायित्व जनता के सहयोग पर निर्भर है। मतदाता सूची में अपनी प्रविष्टि को सही रखना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना मतदान के दिन वोट देना। अंततः, लोकतंत्र केवल मतदान का दिन नहीं—पूरी व्यवस्था का नाम है।

इस व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए मतदाता सूची की शुचिता सर्वोपरि है। एसआईआर यही सुनिश्चित करता है कि चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय हों। यह लोकतांत्रिक प्रणाली की आत्मा को जीवित रखता है और नागरिकों के अधिकारों को सुरक्षित करता है। इसलिए मतदाता सूची के नियमित शुद्धिकरण को लेकर जागरूकता बढ़ाना, नागरिकों को भागीदारी के लिए प्रेरित करना और एसआईआर जैसी प्रक्रियाओं को सहयोग देना हर जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है।

# क्या एक दिन में राष्ट्रीय प्रेस दिवस सम्पन्न हो सकता है?

**कागज़ पर सबकुछ बहुत अच्छा दिखता है पत्रकार लोकतंत्र की आत्मा हैं मीडिया समाज का आईना है,स्वतंत्र प्रेस से ही मजबूत राष्ट्र बनता है ये वाक्य कल इतनी बार दोहराए गए हैं कि लगता है मानो प्रेस दिवस सिर्फ भाषण दिवस में बदल गया हो**



अनिल सिखवाल,ब्यावर

क्या वास्तव में एक दिन का औपचारिक आयोजन पूरे वर्ष के पत्रकारिता कर्म का बोझ उठा सकता है? 16 नवंबर का सूरज जैसे ही उगता है, देश में अचानक पत्रकारिता का महाकुंभ लग जाता है। सालभर किसी को याद न रहने वाले चौथा स्तंभ को उस दिन फूल, मालाएँ, भाषण और वादों की बरसात में नहलाया जाता है। चैनलों पर पत्रकारिता का स्वर्ण युग नामक बहसें शुरू हो जाती हैं, और सोशल मीडिया पर ज्ञान के पहाड़ ऐसे फूटते हैं जैसे पूरे देश में अचानक सत्य का सुपरमून उग आया हो।

प्रश्न यह है कि क्या सच में सिर्फ एक दिन में राष्ट्रीय प्रेस दिवस ‘संपन्न’ हो सकता है?क्या पत्रकारिता भी सरकारी कार्यक्रमों की तरह है कुर्सियाँ लगाओ, भाषण दो, चाय पिलाओ और खत्म!

कागज़ पर सबकुछ बहुत अच्छा दिखता है पत्रकार लोकतंत्र की आत्मा हैं मीडिया समाज का आईना है,स्वतंत्र प्रेस से ही मजबूत राष्ट्र बनता है ये वाक्य कल इतनी बार दोहराए गए हैं कि लगता है मानो प्रेस दिवस सिर्फ भाषण दिवस में बदल गया हो। पर असलियत?सालभर पत्रकार सडक़ पर, खेत में, कोर्ट में, दुर्घटनाओं में, चुनाव में, बारिश में, धूप में, कभी कभी खतरे में भी रिपोर्टिंग करते हैं। पर उनके लिए दिन सिर्फ एक 16 नवंबर बाकी 364 दिन? अच्छा आप पत्रकार हैं? ठीक है, बाद में आना अभी मीटिंग है! राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर नोटबुक भी नई, पेन भी नया, और वादे भी नए लेकिन अगले दिन फिर वही पुरानी कहानी समाचारों को टीआर पी की कसौटी पर तौला जाएगा,सच्चाई को ‘विजुअल पैकेज’ में सजाया जाएगा और पत्रकार की आवाज़ को विज्ञापनों की गाड़ी में थोड़ा पीछे बैठना पड़ेगा सबसे व्यंग्यपूर्ण बात तो यह कि प्रेस दिवस पर कुछ लोग प्रेस की स्वतंत्रता पर व्याख्यान देते हुए खुद मीडिया को निर्देश भी जारी कर देते हैं इस विषय पर कम दिखाना, उस पर ज्यादा दिखाना। क्या शानदार स्वतंत्रता है। ऐसे में सवाल उठता है क्या एक दिन का प्रेस दिवस पत्रकारिता का बोझ उठा सकता है?या यह सिर्फ उस दीपक की तरह है जिसे सालभर धूल में पड़ा रखने के बाद एक दिन के लिए साफ किया जाए और अगले दिन फिर वही अंधेरा? यदि वास्तव में प्रेस दिवस मनाना है,तो एक दिन नहीं

हर दिन सत्य बोलने, सत्य दिखाने और सत्य लिखने का साहस बढ़ाने का अवसर होना चाहिए। क्या वास्तव में एक दिन का औपचारिक आयोजन पूरे वर्ष के पत्रकारिता कर्म का बोझ उठा सकता है?

सालभर पत्रकार सडक़ से संसद तक दौड़ता है। कभी बाढ़ में कैमरा थामे खड़ा मिलता है, तो कभी धूप में पसीने से भीगते हुए लाइव रिपोर्ट करता है। कभी दुर्घटना स्थल पर जीवन जोखिम में डालकर सच उजागर करता है, तो कभी सत्ता-असत्ता के बीच तटस्थ रहकर तथ्यों को संजोता है। पर उसके योगदान का उत्सव—सिर्फ एक दिन?

राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाना आवश्यक है, पर उतना ही आवश्यक यह भी है कि इस दिवस की भावना,, औपचारिकता से आगे बढक़र व्यवहारिकता में उतरे सम्मान सिर्फ एक दिन का नहीं, व्यवस्था का हिस्सा बने पत्रकारिता को केवल मंचों पर नहीं, नीति और संवेदना दोनों के स्तर पर मजबूती मिले स्वतंत्र आवाज़ों को प्रोत्साहन हो, न कि अवसरवादी प्रशंसाओं की प्रतीक्षा ।

## लोक कथा

बढ़ता राजस्थान

### धरती की उत्पत्ति

सामोअन लोगों का मानना है की पहले केवल आकाश और पानी ने पृथ्वी को ढका हुआ था। एक बार तांगालोआ (सामोअन देवता) ने आकाश से नीचे की ओर देखा। उन्होंने अपने खड़े होने के लिए एक जगह बनाने का विचार किया। उन्होंने एक चट्टान का निर्माण किया ताकि वे उस पर आराम कर सकें। इसके बन जाने पर वे बहुत प्रसन्न हुए। उन्होंने सोचा इस इससे अतिरिक्त भी कुछ और जगह का निर्माण किया जाए, जहाँ वे विश्राम कर सकें। उन्होंने इस चट्टान को दो भागों में विभक्त कर दिया। यही दो चटाने सामोआ की सवाई और उपोलु बनी इसी से आगे टोंगा फीजी और अन्य द्वीप बने। जब तांगालोआ ने अपना काम समाप्त




कर लिया तो वे सामोआ लौट गए। उन्होंने सवाई द्वीप और मानुआ द्वीप के बीच की दूरी नापी तो उन्हें लगा की यह दूरी बहुत अधिक है। इसी कारण उन्होंने इन दोनों के बीच में एक और चट्टान बना दी, जो द्वीप के मुखियाओं के काम के लिए रखी गई। तांगालोआ ने चट्टानों पर फैलने के लिए एक पवित्र बेल उगा दी । इस लता के पत्ते गिरने और उनके गलने से कुछ केचुओं की उत्पत्ति हुई। तांगालोआ ने देखा कि धरती पर ऐसे कृमि उत्पन्न हुए हैं जिनके न तो सिर थे, न ही पैर और न ही उनमें जीवन का कोई आभास था। देवता ने नीचे आकर इनके सिर, पैर और हाथ लगाए। इन्हें एक धडक़ता हुआ दिल उपलब्ध करवाया। इस प्रकार ये केंचुए मनुष्य बन गए। तांगालोआ देवता ने एक-एक नर और नारी को प्रत्येक द्वीप पर भेजा। उसने ‘सा’ नामक नर (आदमी) और ‘वाई’ नामक ‘नारी’ (औरत) को एक द्वीप में भेजा। इसी से इस द्वीप का नाम ‘सवाई’ हुआ। ‘उ’ और ‘पोलू’ को दूसरे स्थान पर रखा गया और इसे उपोलू के नाम से जाना जाने लगा।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# सर्दी में गर्म या ठंडा पानी कौन सा बेहतर? जानें कब कौन सा पीना सही

सर्दियों के मौसम में अक्सर ये सवाल मन में आता है कि क्या हमें गर्म पानी पीना चाहिए या ठंडा? ठंड का मौसम वैसे ही शरीर को सुस्त बना देता है, और पानी का तापमान हमारे स्वास्थ्य पर सीधा असर डालता है। कुछ लोग मानते हैं कि गर्म पानी शरीर को डिटॉक्स करता है, तो वहीं कुछ का कहना है कि ठंडा पानी मेटाबॉलिज्म बढ़ता है। दरअसल, दोनों ही तरह का पानी अपने-अपने समय और स्थिति के अनुसार फायदेमंद होता है।

**सर्दियों में गर्म पानी या ठंडा पानी कौन सा बेहतर?**

सर्दियों के मौसम में पानी पीना वैसे ही थोड़ा मुश्किल हो जाता है, क्योंकि ठंड लगने के डर से हम कम पानी पीते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि पानी का तापमान भी आपके स्वास्थ्य पर गहरा असर डालता है? अक्सर लोग सोचते हैं कि ठंड के मौसम में केवल गर्म पानी ही अच्छा होता है, जबकि सच यह है कि गर्म और ठंडा दोनों ही पानी अपने समय और उपयोग के अनुसार फायदेमंद होते हैं।

**गर्म पानी पीने के फायदे पाचन में सुधार करता है**

सुबह खाली पेट हल्का गुनगुना पानी पीने से पेट साफ रहता है और पाचन क्रिया बेहतर होती है।

टॉक्सिन्स बाहर निकालता है -गर्म पानी शरीर से विषैले तत्व (टॉक्सिन्स) बाहर निकालने में मदद करता है, जिससे त्वचा साफ और हेल्दी रहती है।

वजन घटाने में मददगार -नींबू और शहद के साथ गुनगुना पानी पीने से फैट मेटाबॉलिज्म तेज होता है और वजन घटाने में सहायता मिलती है।

सर्दी-जुकाम में राहत -गर्म पानी गले की खराश, कफ और सर्दी-जुकाम में तुरंत आराम पहुंचाता है।

रक्त संचार में सुधार- गुनगुना पानी ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाता है और शरीर को रिलैक्स करता है। ठंडा पानी पीने के फायदे वर्कआउट के बाद ठंडक देता है व्यायाम या शारीरिक मेहनत के बाद ठंडा पानी शरीर का तापमान सामान्य करता है और हाइड्रेशन बनाए रखता है। मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है कुछ अध्ययनों के अनुसार, ठंडा पानी पीने से शरीर उसे गर्म करने में ऊर्जा खर्च करता है, जिससे मेटाबॉलिज्म तेज होता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। पारिवारिक जीवन में आपको सावधानी बरतनी होगी। बिजनेस को लेकर कोई अच्छी डील आपको मिल सकती हैं। किसी जोखिम भरे काम में आपको सावधानी बरतनी होगी।

**वृष**

आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। अधिकारी आपसे खुश रहेंगे। नौकरी में आपको प्रमोशन आदि मिल सकता है, लेकिन किसी दूर रहने पर परिजन से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिलेगी।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए धन संबंधित मामलों में अच्छा रहने वाला है, लेकिन आपने यदि किसी अजनबी पर भरोसा किया, तो वह आपको धोखा दे सकता है, इसलिए आप किसी को धन उधार देने से बचें।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। दांपत्य जीवन में खुशियां भरपूर रहेंगी और आपका कोई काम यदि पेंडिंग पड़ा हुआ था, उसे भी पूरा करने की कोशिश करेंगे। आपके अंदर आज एक्स्ट्रा एनर्जी रहने से आप प्रत्येक कामों को आसानी से कर पाएंगे।

**सिंह**

आज आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे और अपने घर की साज-सज्जा पर पूरा ध्यान देंगे। धर्म-कर्म के कार्यो में भी आपके काफी रुचि रहेगी और आपको अपनी शौक-मौज की चीजों की खरीदारी पर भी अच्छा खर्चा करेंगे।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए यश और कीर्ति को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको जरूरत के हिसाब से खर्च करना बेहतर रहेगा। संतान आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकती है, जिसे आप पूरा अवश्य करेंगे।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। विद्यार्थियों को शिक्षा में अच्छी सफलता मिलेगी और पार्टनरशिप में काम करना भी आपके लिए अच्छा रहेगा। आप एक बजट प्लान करके चलेंगे, जिससे आप किसी सेविंग को करने में भी सफल रहेंगे।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है, उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी। आपको कुछ और खर्चे पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। आपको किसी निवेश को बहुत ही सोच समझकर करना होगा।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। किसी सामाजिक आयोजन में आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपका प्रॉपर्टी को लेकर कोई वाद-विवाद चल रहा था।

**मकर**

आज आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं से सजग रहने की आवश्यकता है। कुछ अनचाहे खर्च हो सकते हैं, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है।

**कुंभ**

आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है। रोजगार के भी नए अवसर प्राप्त होंगे और आपको अपनी सेहत को लेकर एतियात बरतनी होगी। किसी से आप कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोले।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। कारोबार में स्थिति पहले से बेहतर रहेगी, लेकिन आप किसी से पार्टनरशिप थोड़ा सोच समझकर करें और जीवनसाथी से चल रही अनबन भी दूर होगी।

## मंत्री मदन दिलावर के साथ जिला प्रमुख सरोज बंसल असम के गुवाहाटी रवाना



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** पंचायत राज विभाग के मंत्री मदन दिलावर मंत्री के नेतृत्व में पंचायत राज विभाग की चल रही योजनाओं में नवाचार करने हेतु राज्य के विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का 21 सदस्यों का दल असम एवं मिजोरम राज्य में चल रही पंचायत राज योजना किए जा रहे नवाचारों की जानकारी हेतु 16 नवम्बर से 19 नवम्बर तक एक्सपोजर विजिट हेतु रविवार को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जयपुर से गुवाहाटी असम हेतु रवाना हुआ। 16 नवम्बर से 19 नवम्बर तक एक्सपोजर विजिट में राज्य प्रशिक्षण संस्थान ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग असम एवं मिजोरम सहयोग प्रदान करेंगे। 21 सदस्य दल में मदन दिलावर पंचायती राज मंत्री राजस्थान सरकार, जिला प्रमुख टोंक सरोज बंसल, झुनझुनू जिला प्रमुख हर्षनी कुल्हरी, जयपुर जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा, कोटा जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, पूर्व जिला परिषद सदस्य नरेश बंसल सहित सरपंच व वार्ड पंच राजस्थान पंचायती राज मंत्री के विशिष्ट सहायक जयनारायण मीणा, ओएसडी सतीश गुप्ता, सुनील दाधीच, जगदीश विजय, सुरेन्द्र गोदारा, योगेश शर्मा, निजी सहायक विकास बदसीवल एवं पीएसओ जल सिंह साथ थे। 21 सदस्य दल प्रातः जयपुर एयरपोर्ट से रवाना होकर गुवाहाटी एयरपोर्ट पर पहुंचा। गोहाटी एयरपोर्ट पहुँचा, जहाँ पर राजस्थानी समाज द्वारा स्वागत किया गया । उसके पश्चात 21 सदस्य दल गुवाहाटी में मदन दिलावर पंचायत राज मंत्री के नेतृत्व में कामाख्या देवी के दर्शन किए, जहां सभी ने प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

## पुलिस यातायात कार्यालय में ऑटो रिक्शा चालकों का जागरूता अभियान




बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** टोंक जिला मुख्यालय पर विश्व स्मरण दिवस, राज्य सडक़ सुरक्षा दिवस के तहत जिला परिवहन और पुलिस विभाग की ओर से पुलिस लाईन यातायात कार्यालय पर ऑटो रिक्शा चालकों की मीटिंग आयोजित हुई।

इस दौरान जिला परिवहन अधिकारी सम्पत राम वर्मा ने ऑटो चालकों को मोटर व्हीकल्स अधिनियम की जानकारी देते हुए कहा कि सभी डीज़ल से चलने वाले ऑटो का इंश्योरेंस, फिटनेस लाइसेंस आदि समय पर कर लें और नहीं करवाने वालों पर शक्ति से कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, पुलिस निरीक्षक यातायात प्रभारी घांसीलाल, भंवरलाल वैष्णव, पुरानी टोंक स्‌॥ह नेमीचंद गोयल ने आटो रिक्शा चालकों किसी भी तरह की घटना सामने आने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने ओर वाहनों सभी दस्तावेज कंप्लीट रख सडक़ पर यातायात व्यवस्था सही रख ऑटो चालकों को ड्रेस कोड के साथ वाहन चलाने की अपील की। इस मौके पर परिवहन निरिक्षक अशोक बिसेन्दा, लीगल एडवाइजर एडवोकेट सरताज अहमद, राष्ट्रवादी ऑटो रिक्शा ई रिक्शा यूनियन के संस्थापक मोहम्मद अजमल खान के साथ ऑटो रिक्शा चालक मौजूद रहे।

## राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी का पुनर्गठन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनील पंवार, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सीबी यादव की पूर्वानुमति एवं संगठन के टोंक जिलाध्यक्ष डॉ. नरेश कुमार मीणा की अनुशंसा से प्रदेश संगठन महासचिव अजमेर संभाग प्रभारी केशव तिवारी ने राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन जिला कांग्रेस कमेटी टोंक की जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन कर घोषणा की गई है। जिलाध्यक्ष डॉ. नरेश मीणा ने बताया कि पुनर्गठित जिला कार्यकारिणी में उद्दा लाल चोपड़ा पीपलू को संगठन महासचिव बनाया गया है, वहीं कार्यकारिणी में 25 उपाध्यक्ष, 28 महासचिव, 27 सचिव, 17 संयुक्त सचिव, प्रवक्ता, कोषाध्यक्ष, सोशल मीडिया प्रभारी सहित कुल 101 पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। नवगठित पदाधिकारियों को एक वर्ष के लिए दो दिवसीय सर्वोदय संकल्प शिविर ने प्रशिक्षण लेने की अनिवार्यता के साथ नियुक्ति प्रदान की गई है। ज्ञातव्य है कि कई पदाधिकारियों द्वारा संगठन की बैठकों एवं कार्यक्रमों में लगातार अनुपस्थित होने के कारण निष्क्रिय पदाधिकारियों के स्थान पर नए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने के उद्देश्य से विगत 3 नवंबर को जिला कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया था।

## सवाई माधोपुर में 'ग्रीन हार्टफुलनेस रन' आयोजित, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** हार्टफुलनेस के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश पटेल (दाजीक) के निर्देशन में रविवार को दशहरा मैदान स्टेडियम में ग्रीन हार्टफुलनेस रन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा समाज के हर वर्ग को प्रकृति संवर्धन के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा दौड़ के माध्यम से स्वच्छ, हरा-भरा और स्वस्थ्य पर्यावरण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। रन समाप्ति के बाद योगाभ्यास समूह के सदस्यों एवं प्रतिभागियों के लिए हार्टफुलनेस ध्यान सत्र आयोजित किया गया, जिसमें दैनिक जीवन में संतुलन, मानसिक शांति और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता के महत्व पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का संपूर्ण वातावरण उत्साह, सकारात्मकता और प्रकृति संरक्षण के संकल्प से परिपूर्ण रहा। आयोजकों ने आमजन से अपील की कि वे इस प्रकार की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण के सामूहिक प्रयासों को और मजबूत करें।

**सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती**

# पदयात्रा के दौरान सामाजिक संगठनों और युवाओं ने निभाई सहभागिता

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** माय भारत इनिशिएटिव के अंतर्गत तथा जिला प्रशासन के मार्गनिर्देशन में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को अग्रवाल कॉलेज से ट्रक यूनियन से कैलाश टॉकीज से मेन मार्केट होते हुए पुरानी अनाज मंडी तक सरदार150 यूनिटी मार्च पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा को सरदारञ्च150 कार्यक्रम के राज्य संयोजक , खण्डार विधायक जितेंद्र गोठवाल एवं जिला कलक्टर काना राम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पदयात्रा से पूर्व सभी युवा प्रतिभागियों को मेरा युवा भारत की टी शर्ट का वितरण किया। इसके बाद एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत अग्रवाल कॉलेज मैदान में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।

राष्ट्रगीत वंदे मातरम के साथ पदयात्रा की शुरुआत हुई। इस पदयात्रा में प्रतिभागियों द्वारा हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भागीदारी निभाई गई। युवाओं ने जोश में भारत माता, सरदार पटेल एवं देशभक्ति के नारे लगाए। इस दौरान युवा भारत माता एवं सरदार पटेल के गणवेश में भी नजर आए।

इस अवसर पर गायत्री पब्लिक स्कूल की बालिकाओं ने गणपति बप्पा मोरिया एवं सरस्वती वंदना से अपनी प्रस्तुति दी इसके पश्चात् क्रिएटिव पब्लिक, स्कूल विवेकानंद स्कूल की बालिकाओं द्वारा देश भक्ति गीतों पर अपनी प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों में देशभक्ति भावनाओं से जोश भर दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जितेंद्र गोठवाल ने भारत सरकार द्वारा 6 अक्टूबर से 6 दिसंबर तक चलाए जा रहे सरदारञ्च150 कार्यक्रम के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा उनके जीवन में किए गए कार्यों के बारे में प्रकाश डाला और उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला कलक्टर काना राम ने सभी से राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने एवं महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके आदर्शों पर चलने की बात भी कही। विधायक जितेंद्र गोठवाल ने सभी को आत्मनिर्भर भारत एवं जिला कलक्टर ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाई, जिसमें उन्होंने सब को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा में स्वयं को समर्पित करने का संकल्प दिलवाया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने युवाओं को लोहपुरुष सरदार पटेल का अनेकता में एकता, राष्ट्र निर्माण एवं देशभक्ति का संदेश गांव गांव, ढाणी ढाणी पहुंचाने का आव्हान किया। सभापति शिवरतन अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजोरा, ‵उपखण्ड अधिकारी बृजेन्द्र मीना , उपखंड अधिकारी वजीरपुर सुधा रानी, जिला युवा अधिकारी हर्षित खंडेलवाल, प्रधान गंगापुर सिटी मंजू गुर्जर, प्रधान बामनवास शशिकला, प्रधान बोलीं कृष्ण पोसवाल, सहित अन्य जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। यूनिटी मार्च पदयात्रा में स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी, माय भारत, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट सहित स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा आमजन की बड़ी संख्या में भागीदारी रही।

## राजेश बगरडिया 23वें जाट सामुहिक विवाह सम्मलेन समिति के अध्यक्ष मनोनीत

बढ़ता राजस्थान





**मालपुरा (नि.स.)।** रविवार को जाट धर्मशाला प्रांगण डिग्गी में जाट समाज की मिटिंग का आयोजन हुआ जिसमें सर्व सहमति (23वा.) जाट समाज सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित समिति जिला टोंक की कार्यकारिणी घोषित की गई है जिसमें सर्व सहमति अध्यक्ष राजेश बगडिया करेडा, उपाध्यक्ष सुरजमल गोलाडा निवाई, मनमोहन बुरी टोंक, कैदार ताखर नोंरगपुरा पीपलू, रमेश बिजारणा उनियारा, मास्टर रामेश्वर सिंह सांडीवाल सुंवारिया टोडारायसिंह, रामधन नासणा पारली मालपुरा, सत्यनारायण जांगू सरोली मोड देवली , महामंत्री कैप्टन धन्नालाल गंढवाल गणेती, कोषाध्यक्ष रामकरण बुगालिया डिग्गी, मंत्री गोविन्द देवपुरा, प्रचार मंत्री रामेश्वर बेनीवाल, प्रवक्ता रामधन जावल्या पीपलू, सह मंत्री बजरंग कुण्डरवाल, सहप्रचार मंत्री प्रहलाद गौरा, संयोजक रामलाल बगडिया , सह संयोजक रामकिशन मुण्डवाडिया, सह कोषाध्यक्ष बद्री दगोलिया को बनना गया है। (23 वा ) जाट समाज सामुहिक विवाह सम्मेलन की इस प्रकार बनना गई सर्व सहमति मिटिंग कि गई है। बैठक रामलाल बुगालिया , राजेश चौधरी पूर्व सरपंच करेडा निवाई,पूर्व अध्यक्ष छितर लाल ताखर, जाट धर्मशाला अध्यक्ष सत्यनारायण चौधरी पूर्व सरपंच डिग्गी, पूर्व अध्यक्ष जगदीश टांडी,आदर्श जाट कोषाध्यक्ष किशनलाल लाम्बा, धर्मशाला मंत्री रामकरण बुगालिया , पूर्व महामंत्री चौथमल नागा उनियारा, पूर्व प्रवक्ता मुकेश खादवाल, बजरंग सरूडिया , श्रीलाल सांडीवाल भासू,गुरूजी रामधन नासणा पारली, कैप्टन धन्नालाल गंढवाल, रामलाल बुरडक, बजरंग नानेर , बद्री दगोलिया , प्रहलाद गौरा आदि जाट समाज के लोग मौजूद रहे 23 वें जाट सम्मेलन गणेश निमंत्रण और विवाह समारोह की तारीख अगामी 18 जनवरी मिटिंग में निर्णय लेकर जल्दी घोषणा कर दी जाएगी।

## पुलिस अधीक्षक मीना ने निर्देशन में बड़ी कार्रवाई, 233 ग्राम चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** टोंक जिले में पैर पसारते नशे के सौदागरों पर पुलिस अधीक्षक राजेश मीना के निर्देशन में ताबड़तोड़ कार्रवाई का सिलसिला लगातार जारी है। आज जयपुर-कोटा हाईवे 52 पर मेहंदवास थाना इलाके में पुलिस की टीम ने जाल बिछाकर नशे के तस्करों पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम देकर करीब 233 ग्राम चरस जप्त की है साथ ही दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार कर एक कार भी बरामद की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में जप्त चरस की कीमत करीब 15 लाख रूपए आंकी गई है।

पुलिस अधीक्षक राजेश मीना ने बताया कि मेहंदवास थाना इलाके में आज चरस के तस्करों पर कार्रवाई की गई है। मेहंदवास थानाधिकारी ओमप्रकाश अपनी टीम के साथ गश्त कर रहे थे इसी दौरान मेहन्दवास कट एनएच 52 पर एक शिफ्ट डिजायर कार पुलिस गाडी को देखकर बदमाशों ने भागने का प्रयास किया, जिस पर कार संदिग्ध प्रतीत होने पर थानाधिकारी ने जाप्ते की मदद से कार को रूकवाकर चैक किया तो कार में दो व्यक्ति थे एवं कार की तलाश के दौरान कार में अवैध मादक पदाथ पदार्थ 233 ग्राम चरस मिली जिस पर कार में सवार दोनों व्यक्तियों से उक्त मादक पदार्थ को रखने व ले जान का लाईसेंस मांगा गया तो कोई लाईसेंस होना नहीं पाया गया, जिस पर मन थानाधिकारी ने उक्त दोनों व्यक्तियों का नाम पता पता पुछा तो एक ने अपना नाम सरफराज नवाज पुत्र रशिद मोहम्मद जाति चौपदार मुसलमान उम्र 33 साल निवासी रोडवेज डिपो के सामने, ताज कॉलोनी, टोक पुलिस थाना कोतवाली टोंक जिला टोंक व दुसरे ने अपना नाम शाकिर पुत्र रोशन जाति मिरासी मुसलमान उम्र 35 साल निवासी जाल का कुंआ, रजबन, टोंक पुलिस थाना कोतवाली टोंक जिला टोंक का बताया। फिलहाल दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया गया व अवैध मादक पदाथ पदार्थ 233 ग्राम चरस एवं घटना में प्रयुक्त कार को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया और आऱोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है।

## नशे की लत का शिकार डिप्रेशन के चलते युवक ने की आत्महत्या

बढ़ता राजस्थान



**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** कोतवाली पुलिस थाना इलाके के गुंसी में रविवार को 31 वर्षीय मनोज गुंसारिया ने छत पर बने चद्दरपोस कमरे में कुंदे पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर कोतवाली पुलिस थानाधिकारी भंवरलाल वैष्णव मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर सआदत अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस थानाधिकारी भंवर लाल वैष्णव ने बताया कि मृतक युवक के परिजनों ने बताया कि मनोज डिप्रेशन का शिकार था और नशे की लत का आदि था, लगातार मनोज शराब का नशा करता था, परिजन भी कई बार युवक से समझाइश कर चुके थे। लेकिन रविवार को जब मृतक युवक के मां-पिता मजदूरी करने घर से बाहर गए थे तब छत पर कमरे में जाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजन बाबूलाल गुंसारिया ने बताया कि मनोज पिछले दो सालों से नशे की लत और डिप्रेशन का शिकार था, परिवारजनों ने उसे कई बार समझाने की कोशिश की, उसका डिप्रेशन खत्म करने के कई प्रयास किए लेकिन उसकों तनाव से मुक्त नहीं करवा पाए। बाबूलाल गुंसारिया ने रूआंसे मन से कहा कि आजकल के बेटे सुनते कहा है किसी की, मन की मर्जी करते है और फिर तनाव में आकर बस मौत को गले लगा लेते है। बाबूलाल गुंसारिया ने मनोज की मौत की बड़ी वजह टोंक शहर की गलियों मे आसानी से मिलने वाली जहरीली देशी शराब, स्मैक और गांजे को भी बताया और कहा कि मनोज को सिर्फ शराब की लत थी, लेकिन कई युवा तो गांजा, स्मैक और चरस की लत में मौत को गले लगा चुके है। जिलेभर के अभिभावकों से गुंसारिया ने अपील करते हुए कहा कि समय रहते परिजन भी बच्चों पर नजर रखे, उनके तनाव और अवसाद की स्थिति पता लगने पर हर सम्भव जतन करे।

## सचिन पायलट आज टोंक आएंगे

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** एआईसीसी महासचिव छत्तीसगढ़ प्रभारी, टोंक विधायक सचिन पायलट 17 नवंबर सोमवार टोंक विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे । इस दौरान में जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय टोंक पर टोंक विधानसभा क्षेत्र के बी एल ए प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे । जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में टोंक विधानसभा क्षेत्र के समस्त बीएलए, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, कांग्रेस अग्रिम संगठन प्रकोष्ठ विभाग अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, स्थानीय जनप्रतिनिधि के अलावा समस्त कांग्रेस जन भाग लेंगे।

**बिरसा मुंडा 150 जनजातीय गौरव दिवस पर कार्यक्रम**

# बिरसा के आदर्शों और समाज के गौरव की रक्षा करने का आह्वान

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** ट्राइबल एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (तेवर) की ओर से बिरसा मुंडा 150 जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के मुख्य आतिथ्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जगदंबा एंड पार्टी, जड़ावता ने पद गायन शैली के माध्यम से बिरसा मुंडा के जीवन परिचय, संघर्ष, उनके आदिवासी समाज के लिए किए गए संघर्षों और अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध चलाए गए आंदोलन को सुरों और गायन के माध्यम से बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। लोगों ने प्रस्तुति को भावुक होकर सुना और आदिवासी नायक बिरसा मुंडा को उनके बलिदान के लिए श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पीली लुगड़ी ओढ़े हुए जनजातीय समाज की महिलाओं ने कृषि मंत्री को बिरसा मुंडा की तस्वीर भेंट की एवं जनजाति संस्कृति के लोकगीतों पर नाच गायन किया।

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि बिरसा मुंडा वह महापुरुष थे, जिन्होंने अंग्रेज हुकूमत के खिलाफ कम उम्र में ही मोर्चा खोल दिया था। उन्होंने आदिवासी समाज को जल, जंगल और जमीन का अधिकार दिलाने के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किया, जो आज भी आदिवासी अस्मिता का प्रतीक है। कार्यक्रम में जनजाति वर्ग में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं का भी सम्मान किया गया। शिवकरण मीणा निवासी निंदडदा को शिक्षा के क्षेत्र में भामाशाह के लिए, रूप सिंह मीणा अध्यक्ष, बाघ संरक्षण एवं ग्रामीण विकास समिति को पर्यावरण संरक्षण एवं जीव संरक्षण के क्षेत्र में, डॉ सीपी मीना समाज सुधार के क्षेत्र में ,पिंटू मीणा गंभीरा को रक्तदान के क्षेत्र में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि किसान नेता एवं पर्यावरण ब्रांड एंबेसेडर रामावतार मीणा, मीणा समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. बी.एल. मीणा, नगर सभापति सुनील तिलकर , पंचायत समिति सदस्य माया मीना, दीनदयाल मीणा तथा ट्राइबल एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ़ राजस्थान (तेवर) से जुड़े रमाकांत मीणा, सुवा लाल मीणा, हेमराज, कमलेश, कैलाश, मेघश्याम, रामहेत, राजेंद्र, शिवराज, राजेश, गिर्राज ,धनराज, कालूराम,सुरेंद्र सिंह मीणा सहित बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के लोग , बुद्धिजीवी और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन हेमराज मीना कार्यक्रम अधिकारी समसा ने किया।

# 'जनजाति समाज सदैव क्षत्रिय परम्परा का अभिन्न हिस्सा है'

## बिरसा मुंडा जयंती पर भीमाना में भजन जागरण कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** स्वतंत्रता सेनानी एवं जनजाति समाज के आराध्य बिरसा मुंडा की जयंती पर शनिवार रात भीमाना के एकलिंगनाथ महादेव मंदिर में भजन-जागरण किया गया। इसमें पोकरण विधायक संत प्रतापपुरी महाराज व फलासिया के संत गुलाबदास महाराज का सान्निध्य रहा। इस दौरान विधायक संत प्रतापपुरी महाराज ने कहा कि जनजाति समाज क्षत्रिय परम्परा का ही अभिन्न हिस्सा है। इस समाज के चौहान, सिसोदिया, परमार, सोलंकी जैसे गोत्र मूल रूप से क्षत्रिय समाज से जुड़े हैं। इतिहास यह सिद्ध करता है कि जनजाति समाज हमेशा ही क्षत्रिय परम्परा का अभिन्न हिस्सा रहा है। संत गुलाबदास महाराज ने कहा कि देश विरोधी ताकतें, मिशनरी एवं कम्यूनिस्ट समूह जनजाति समाज को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं। जनजाति समुदाय को अपनी जड़ों और सनातन संस्कृति से जुड़ाव को समझने की आवश्यकता है। आदिवासी समाज सदैव से सनातन परम्परा का अंग रहा है।

### कलाकारों ने दी मनमोहक भजन प्रस्तुति

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए 30 से अधिक जनजाति समाज के कलाकारों एवं मंडलियों ने मनमोहक भजन प्रस्तुति दी। जनजाति समाज के विभिन्न मठ व मंदिरों से आए संत-महात्माओं का भी स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रभुराम लोटाणा ने किया। वहीं, वनवासी कल्याण परिषद, एकल अभियान और भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं ने व्यवस्थाएं संभाली।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम के दौरान कई अन्य वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त किए। वहीं, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक संजीवकुमार, वनवासी कल्याण परिषद के जगदीश कुलमी, संघ के दिनेश पुरोहित, कार्यक्रम संयोजक अणदाराम मोरडू, फगनाराम भूला, एडवोकेट प्रभुराम, एडवोकेट भावाराम, रेवाशंकर रावल, किशोर रावल, दीताराम, ईश्वर प्रजापत, नवलराम, लाडूराम वरली, कोमाराम, पवन अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# राजसमंद भू-अभिलेख निरीक्षक के घर की तलाशी में मिला अपार धन और संपत्तियां, एसीबी अफसर चौंके, आज खुलेगा बैंक का लॉकर

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) चौकी राजसमंद की ओर से सात लाख रुपए रिश्वत मामले में कार्रवाई के बाद अब जांच का दायरा और व्यापक हो गया है। मुख्यालय के निर्देश पर भू-अभिलेख निरीक्षक कमलेशचन्द्र खटीक (वृत भाणा, तहसील कुंवारिया) के बैंक लॉकर को विधि-सम्मत तरीके से सोमवार को खुलवाया जाएगा। एसीबी के एएसपी हिम्मत चारण ने बताया कि एसीबी टीम की सोनू शेखावत ने आरोपी के घर पर तलाशी ली थी। तलाशी के दौरान पता चला कि आरोपी का राजसमंद के एक्सिस बैंक में लॉकर भी है। घर से इस लॉकर की चाबी बरामद हुई। इसके बाद लॉकर खुलवाने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। लॉकर को सोमवार को अधिकारियों की निगरानी में खोला जाएगा।

### संपत्तियों की परतें खुलने लगीं-

प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरोपी भू-अभिलेख निरीक्षक कमलेशचन्द्र खटीक का एक्सिस बैंक में लॉकर है। साथ ही यह भी पता चला है कि उसके पास साझेदारी में एक पेट्रोल पंप है, जबकि दूसरा पेट्रोल पंप निर्माणाधीन बताया जा रहा है। इसके अतिरिक्त उसकी पत्नी के नाम पर बडारड़ा में एक क्रेशर प्लांट होने की जानकारी भी एसीबी को मिली है। जांच एजेंसी इन सभी संपत्तियों का ब्यौरा जुटा रही है।

### निरीक्षक सात लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार-

गौरतलब है कि भू-अभिलेख निरीक्षक ने एक परिवादी से उसकी जमीन के नक्शे का शुद्धिकरण करने के एवज में दस लाख रुपए की मांग की थी। मांग से परेशान होकर पीड़ित ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद शुक्रवार को एसीबी टीम ने जाल बिछाकर तासोल रोड और धनजी का खेड़ा के बीच स्थित एक निजी फार्म हाउस पर निरीक्षक को सात लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया कौर, ललिता गोयल, दुर्गा वर्मा, कोमल आर्य, दीनेश कामरा, सरला वर्मा, सीमा तिवारी सहित कई सदस्याओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। महिला संवर्ग की यह बैठक संगठन की एकजुटता, जागरूकता और सशक्त भागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण रही।

# खाद्य मंत्री सोमवार को 5.28 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण-शिलान्यास

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री सुमित गोदारा सोमवार को लूणकरणसर विधानसभा क्षेत्र को 5 करोड़ 28 लख रुपए के विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कर ग्रामीणों को बड़ी सौगातें देंगे। गोदारा प्रातः 10 बजे तेजरासर में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में 7 लाख रुपए की लागत से बने टीन शेड तथा गांव में 29.67 लाख रुपए की लागत से बने ट्यूबवेल का लोकार्पण करेंगे। बेलासर में दोपहर 12 बजे राजकीय प्रवेशिका वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में 59.99 लाख रुपए की लागत से बने तीन कक्षा कक्षों का लोकार्पण करेंगे। दोपहर 1 बजे सीथल के अंबेडकर वाचनालय में लाइब्रेरी में 2 लाख रूपए की लागत से उपलब्ध करवाए गए फर्नीचर कार्यों का लोकार्पण करेंगे।

# 'निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता सशक्त लोकतंत्र की प्राणवायु है'

## प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य का गर्मजोशी से स्वागत

बढ़ता राजस्थान




**सिरोही ( नि.स. )।** इंडियन फेडरेशन ऑफवर्किंग जर्नलिस्ट्स की प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य बनने पर पहली बार सिरोही प्रवास पर आए विधायक प्रतापपुरी महाराज का पिण्डवाड़ा में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। फेडरेशन के जोधपुर संभाग प्रभारी विक्रमसिंह करणोत के नेतृत्व में हुए स्वागत कार्यक्रम से वे अभिभूत नजर आए। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता सशक्त लोकतंत्र की प्राणवायु है। पत्रकारों की कलम सत्य की मशाल बनी रहे और शब्द समाज में जागरूकता की अलख जगाते रहें। कहा कि समाज व राज्य के विकास में पत्रकार अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही अभिनंदन कार्यक्रम को लेकर खुशी जताई तथा कहा लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के प्रहरियों से मिले स्नेह, अपनत्व व आत्मीय सम्मान के लिए हार्दिक आभार। भाजपा जिला महामंत्री नरपतसिंह राणावत ने भी विचार व्यक्त किए। इस दौरान फेडरेशन जिलाध्यक्ष अशोक कुमावत व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिनेश बोहरा आदि ने माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर स्वागत किया। मंच संचालन राहुल रावल ने किया। इस दौरान जीतेश रावल, नाथूसिंह बालिया, दिलीपसिंह मीणा, हरीश मेघवाल, हितेंद्रसिंह राजू, मुकेशपाल सिंह, भागचंद लालवानी, यूसुफ मेमन, हड़वंतसिंह, मदनसिंह, आरिफ पठान, मगन प्रजापत, राकेश चंदेल, महेंद्र गर्ग, मांगीलाल परिहार सहित कई पत्रकार उपस्थित रहे। समस्या समाधान के भरसक प्रयास होंगे। उन्होंने पत्रकार सुरक्षा कानून को पारित करवाने, जिला और उपखंड स्तर पर पत्रकार कॉलोनी समेत अन्य कार्यों के लिए पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं एवं समाधान के लिए भरसक प्रयास किया जाएगा। साथ ही पत्रकार हितों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

# सरकार की चुप्पी से आहत हो रहे आदिवासी क्षेत्र के लोग

## प्रस्तावित खनन परियोजना के विरोध में ग्रामीणों का आंदोलन



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** प्रस्तावित खनन परियोजना के विरोध में आंदोलनरत ग्रामीणों ने शनिवार को पोकरण विधायक संत प्रतापपुरी को ज्ञापन देकर सहयोग की मांग रखी। ग्रामीणों ने बताया कि आदिवासी क्षेत्र प्रस्तावित परियोजना से जल-जंगल व जमीन को भारी पैमाने पर नुकसान का अंदेशा है। इस मामले में सरकार की चुप्पी से ग्रामीण आहत है।

उल्लेखनीय है कि पिण्डवाड़ा क्षेत्र में मै.कमलेश मेटाकास्ट की प्रस्तावित खनन परियोजना के विरोध को लेकर ग्रामीण पिछले दो माह से आंदोलनरत है। लेकिन, सरकार से जुड़े जनप्रतिनिधि भी इस मामले में कोई सहयोग नहीं कर रहे। इस दौरान संघर्ष समिति के कई सदस्य मौजूद रहे।

### परियोजना तत्काल निरस्त करवाने की मांग

ग्रामीणों ने यहां भीमाना में आयोजित कार्यक्रम में आए पोकरण विधायक संत प्रतापपुरी व आरएसएस के संजीवकुमार व दिनेश राजपुरोहित को ज्ञापन सौंपा। साथ ही इस परियोजना को तत्काल निरस्त करवाने की मांग रखी। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र की चार ग्राम पंचायतों के 12 गांवों के लोग पिछले करीब दो महीनों से आंदोलनरत हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया है।

# श्रीसत्यनारायण आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय में भव्य सप्तशक्ति संगम कार्यक्रंम आयोजन संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** श्री सत्यनारायण आदर्श विद्या मन्दिर माध्यमिक विद्यालय, रायसिंहनगर में आज भव्य सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि जिला मंत्री कंचन नायक को इसमें सहभागी बनने का अवसर मिला, जहाँ उनका विद्यालय परिवार एवं उपस्थित जनसमूह ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, मूल्याधारित गतिविधियों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित प्रेरणादायक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। श्रीमती कंचन नायक ने अपने संबोधन में विद्यालय द्वारा किए जा रहे संस्कारमूलक शैक्षणिक प्रयासों की सराहना की और बच्चों को उत्कृष्ट भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय प्रशासन ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सुविधाओं के अभाव में बढ़ रही उद्यमियों की मुश्किलें

## उद्यमियों के लिए दुखदायी बन रहे टूटे नाले और गंदगी

## सिरोही औद्योगिक क्षेत्र में सफाई के पुख्ता प्रबंध तक नहीं

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** कहने को यह जिला मुख्यालय का औद्योगिक क्षेत्र है, लेकिन सुविधाएं नगण्य। रोशनी व बिजली की व्यवस्था तो है ही सफाई के भी पुख्ता प्रबंध नहीं है। कहीं नाले क्षतिग्रस्त पड़े हैं तो कहीं नालियां ही नहीं है।

कचरा उठाने वाला कोई नजर नहीं आता। यदा-कदा नालों की सफाई का अभियान चलाया जाता है, लेकिन किनारे पर रखा मलबा हटाने की जहमत नहीं उठा रहे। लिहाजा अगले ही दिन मलबा वापस नाले में गिर जाता है।

समस्याओं के कारण उद्यमियों में रीको क्षेत्र के प्रति दिलचस्पी कम हो रही है।

### दुखदायी हो रही बेतरतीब उगी झाड़ियां

रीको क्षेत्र में बेतरतीब ढंग से उगी झाड़ियां भी दुखदायी साबित हो रही है। सफाई की अव्यवस्थाओं के बीच झाड़ियों की कटाई भी नहीं हो रही।

जगह-जगह उग आई झाड़ियों के कारण जहरीलें जंतुओं का डर भी बना रहता है। ऐसे में रात को उद्यमी या श्रमिक झाड़ियों के पास से गुजरते हुए भी डरते हैं।





सिरोही. रीको क्षेत्र में मलबे से अटी नाली एवं झाड़ियों व कचरे से भरी नाली।

### सफाई वाला कोई नजर नहीं आता

औद्योगिक क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पूरी तरह बदहाल हो रही है। नाले व नालियां गंदगी से भरे पड़े हैं। यहां तक कि आम रास्तों में भी कचरा बिखरा पड़ा है। नालों में गिरा मलबा उठाने तक की किसी को फर्सत नहीं है। फैक्ट्रियों से निकलने वाला कचरा और यहां-वहां बिखरी गंदगी साफ करने वाला भी कोई नजर नहीं आता।

### भारी समस्या झेल रहे उद्यमी

बताया जा रहा है कि सफाई ठेकेदार की ओर से काम में लापरवाही बरती जा रही है।

गंदगी के बीच उद्यमियों को भारी समस्या हो रही है, लेकिन जिम्मेदार कोई ध्यान नहीं दे रहे।

कई-कई दिनों तक सफाई नहीं होने पर उद्यमी शिकायत करते हैं, लेकिन कभी-कभार या दिखावे तौर पर ही सफाई की जा रही है। इसके अलावा कुछ नहीं हो रहा।

### जल्द ही काम करवाएंगे...

अभी टेंडर पूरे हो चुके हैं। नए टेंडर खुलने के बाद सफाई के पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे।

**- चेतन बरनवा, रीको क्षेत्रीय प्रबंधक, सिरोही**

# रग्बी भारतीय रग्बी यूनियन के वरिष्ठ राष्ट्रीय विकास अधिकारी व खेलो इंडिया के तकनिकी हेड का राजसमंद रग्बी फुटबॉल संघ ने किया स्वागत व सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** भारतीय रग्बी यूनियन के वरिष्ठ राष्ट्रीय डवलपमेंट मैनेजर व खेलो इंडिया के तकनिकी हेड का राजसमंद रग्बी फुटबॉल संघ ने देवगढ़ आने पर स्वागत व सम्मान किया। संघ के नितिन तिवारी ने बताया की भारत सरकार व भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा खेलो इंडिया के तहत खेलो मे महिलाओ को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न खेलो की खेलो इंडिया अस्मिता लीग करवाई जा रही है।

जिसके तहत प्रदेश मे अलग अलग स्थानों पर रग्बी खेल की अस्मिता लीग हो रही है इसी क्रम मे उदयपुर मे हो रही रग्बी लीग व राजसमंद मे प्रस्तावित खेलो इंडिया अस्मिता रग्बी लीग के लिए भारतीय रग्बी इंडिया के विकास चौरसिया व राजस्थान रग्बी फुटबॉल संघ के सचिव कुलदीप सिंह राजावत के देवगढ़ आने पर राजसमंद रग्बी फुटबॉल संघ ने उपरना पहना कर व स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत व सम्मान किया।

साथ मे आये अजमेर रग्बी फुटबॉल संघ के सचिव मंजीत सिंह राठौड़ ने बताया की प्रदेश मे अलग अलग स्थानों पर अस्मिता रग्बी लीग करवाई जा रही है जिसमे से महिला खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा जो की 13दिसंबर से अजमेर मे आयोजित होने वाली वेस्ट जोन अस्मिता रग्बी लीग मे भाग लेगी। राजसमंद रग्बी फुटबॉल संघ के कोषाध्यक्ष कुलदीप जोशी व सयुंक्त सचिव राजेंद्र सुथार ने बताया की ईश्वर नैन रिसोर्ट कमलीघाट पर भारतीय रग्बी यूनियन से पधारे हुए विकास चौरसिया का राजसमंद रग्बी फुटबॉल संघ के पदाधिकारियो ने स्वागत व सम्मान किया। इस दौरान गोपाल सिंह शेखावत, प्रदीप नारवानी, इंद्र कुमार नारवानी सहित खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# राजस्थान कृषि महाविधालय के पूर्व छात्र परिषद का 25 वें राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

## देश में कृषि एवं डेयरी का योगदान अहमःडॉ. सोडाणी

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** राजस्थान कृषि महाविधालय पूर्व छात्र परिषद के 25 वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन रविवार को आरसीए के नूतन सभागार में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल के उच्च शिक्षा सलाहकार डा. कैलाश सोडानी थे।

डॉ.सोडाणी ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए हमारे देश में डेयरी और कृषि का देश और विश्व में इसका योगदान रहेगा। डॉ. सोडानी ने उच्च शिक्षा में हिंदी भाषा के प्रयोग पर बल दिया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष राजस्थान विद्यापीठ के कुलगुरु डॉ. शिव सिंह सारंगदेवोत ने कहा कि भारत के किसानों ने भारत में व्याप्त भुखमरी को समाप्त करने एवं कृषि वैज्ञानिकों ने कृषि को बढ़ावा देने में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया जिसने हमारी कृषि विरासत आज भी संरक्षित है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सुश्री देविका चक्रवर्ती के इस संदर्भ में देश का भविष्य कृषि के व्यवसायीकरण से ही सम्भव बताते हुए कहा कि इसके लिए पूंजी संसाधन और नवाचार के मेल से सम्भव है।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. मनोज महला ने अतिथियों का स्वागत किया। पूर्व छात्र संघ परिषद अध्यक्ष नरेंद्र सिंह बारहठ ने सभी का आव्हान किया कि गरीब कृषि छात्रों की मदद के लिए सभी आगे आएं। इस अवसर पर सचिव डॉ. जगदीश लाल चौधरी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

# श्री खड़क जैन प्रवासी संघ का नूतन वर्ष मिलन समारोह सम्पन्न

## परिवार विवरणिका तथा महिला दूरभाष निर्देशिका का हुआ विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** श्री खड़क जैन प्रवासी संघ उदयपुर का ध्यानोदय तीर्थ बलीचा उदयपुर पर प्रयास वीर निर्माण वर्ष 2552 के नुतन वर्ष मिलन समारोह एवं परिवार विवरणिका तथा महिला दूरभाष निर्देशिका 2025 का विमोचन समारोह संपन्न हुआ। इस समारोह में समाज कार्यकर्ता वयोवृद्ध हीरालाल पंचोली का अभिनंदन पत्र से बहुमान किया गया। समारोह अध्यक्ष अशोक शाह तथा प्रन्यास अध्यक्ष चंदनलाल छापिया ने गुणगान करते हुए समारोह को संबोधित किया।

समारोह संयोजक अमृतलाल बोहरा ने बताया कि समारोह में चंदन लाल छपिया को पुन: 3 साल के लिए अध्यक्ष मनोनीत किया गया तथा अमृतलाल बोहरा को महामंत्री नियुक्त किया गया।

# नाथद्वारा में प्लास्टिक मुक्त व जलाशय संरक्षण अभियान आयोजित, जांगिड़ समाज की बावड़ी पर हुआ श्रमदान

## नगर पालिका, श्रीनाथजी मंदिर एवं सामाजिक संगठनों का सराहनीय योगदान

बढ़ता राजस्थान

**नाथद्वारा ( नि.स. )।** श्रीनाथजी मंदिर के तिलकायतश्री की प्रेरणा और नगरपालिका प्रशासन के आह्वान पर नाथद्वारा नगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने तथा जलाशयों की साफ-सफाई के प्रथम फॉलोअप अभियान के तहत रविवार को नगर मध्य स्थित प्राचीन जांगिड़ समाज की बावड़ी पर विशाल सफाई अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान श्रीनाथजी मंदिर नागरिक सुविधाएं एवं सहयोग समिति, नगरपालिका अधिकारियों-कर्मचारियों, नेशनल मेडिकोज़ ऑर्गेनाइजेशन, जल संरक्षण समिति, जांगिड़ समाज के वरिष्ठजन सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने श्रमदान कर बावड़ी में जमा कूड़ा-कर्कट, निर्माल्य व अन्य अपशिष्ट सामग्री बाहर निकालकर जलाशय को स्वच्छ बनाया।



इस सामूहिक जनसहयोग अभियान में प्रमुख रूप से पालिका आयुक्त सौरभ कुमार जिंदल, डॉ. बीएल जाट, डॉ. नवीन जांगिड़, बाल विकास समिति अध्यक्ष कोमल पालीवाल, निवर्तमान पार्षद कैलाश तंवर, ललिता काबरा, भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप काबरा, युवा मोर्चा अध्यक्ष कपिल उपाध्याय, आर्ट ऑफ लिविंग से प्रवीण सनाढ्य, लाइन्स क्लब से गोविंद सनाढ्य, अनुराग सनाढ्य, भरत सनाढ्य, बादल दवे, महेश पालीवाल, तन्मय पालीवाल, मयंक भंडारी, जांगिड़ समाज से शांतिलाल जांगिड़, महेश शर्मा, दिनेश शर्मा, सुरेश शर्मा, बाबूलाल सुथार, रजनीश शर्मा, मुकेश शर्मा, हेमंत शर्मा, विनोद शर्मा, गजेंद्र छापरवाल सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता व पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

## जेके सीमेंट वर्क्स में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत सेमिनार का आयोजन किया गया




बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा(नि.स.)।** जेके सीमेंट वर्क्स के रीजनल ट्रेंनिंग सेंटर में भविष्य निधि कार्यालय उदयपुर द्वारा प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रशांत कुमार सिंह क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त उदयपुर का यूनिट हेड मनीष दोस्त ने बाल एवं एचआर हेड प्रभाकर मिश्रा द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान सिन्हा द्वारा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की एवं जी एल नागदा द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से संस्थान के अधिकारियों एवं संस्थापक के कार्यरत ठेकेदार एवं सुपरवाइजर को इस योजना से जोडने एवं श्रमिक नियोक्ता को होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया गया । इस कार्यक्रम में भविष्य निधि कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी गण वैभव कुमार मुकेश दबगर प्रेमचंद देसान्तरी भगवान सिंधी अमित अग्रवाल एवं संतोष कुमार उपस्थित रहे एवं संस्थान की ओर से भुवनेश कुमार सज्जन सिंह भाटी सोहन सिंह जैन राम रतन नायक एवं श्याम शर्मा उपस्थित रहे । कार्यक्रम के उपरांत एचआर हेड प्रभाकर मिश्रा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## किसानों की मांगों को लेकर नवनिर्वाचित विधायक प्रमोद जैन भाया के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रदर्शन आज

### मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर को देंगे ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**अंता (शफीक मंसूरी)।** बारां जिले के किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर नवनिर्वाचित विधायक एवं पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी बारां द्वारा 17 नवम्बर 2025 को दोपहर 1.00 बजे धरना प्रदर्शन दिया जाकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री कैलाश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि बारां जिले के किसानों की इस वर्ष भारी अतिवृष्टि के कारण फसलें बर्बाद हो चुकी है तथा जो उपज निकली है वह भी केवल नाममात्र की निकली है जिसके कारण उनकी लागत भी नही निकल पाई है। भाजपा सरकार द्वारा किसानों की अतिवृष्टि के कारण खराब हुई फसलों का मुआवजा नही दिया जा रहा है। यही नही पिछले वर्ष की फसलों का मुआवजा भी सरकार द्वारा नही दिया गया जबकि किसानों से बडी राषि प्रीमियम के नाम पर काटी जा रही है। इसी के साथ-साथ किसानों को अपनी फसलों के लिए डीएपी व यूरिया खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नही हो पा रहा है, किसानों को बिजली विभाग द्वारा डिपियां उपलब्ध नही करवायी जा रही है, किसानों को खाद के साथ जबरदस्ती अटेचमेन्ट दिया जा रहा है। किसानों की मांगों को लेकर प्रमोद जैन भाया विधायक

## बंदर की मौत पर निकाली शव यात्रा ,लोगो की आस्था हनुमानजी का स्वरूप था बंदर



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(नि.स.)।** नैनवां कस्बे के समीप केवट नगर पंचायत खानपुरा में रविवार को धार्मिक स्थल के पास एक बंदर की मौत हो गई। बंदर की मौत पर पूरे गांव में शोक मनाया गया। लोगो ने बंदर को हनुमानजी का स्वरूप बताते हुए शवयात्रा निकाली गई। पुरूश एंव महिलाए षव यात्रा में अंतिम दर्शन के लिए एकत्रित हो गये। कोई शव यात्रा में पुश्प चढ़ा रहे थे। महिलाए मंगल गीत गाते हुए बंदर के षव पर गुलाल लगा रही थी। गांव में हर कोई बंदर की षव यात्रा में षामिल हुए। इतना ही नहीं बंदर की षव यात्रा को लेकर लोग नैनवां कस्बे में जाकर ढोल बजाने वाले को लेकर आये। बंदर का दाहसंस्कार ष्मशान घाट पर इंसानो की तरह किया गया। कई लोगो ने दाहसंस्कार में नारियल चढ़ाये गये। अखिलेशवर महादेव के दर्शन करने आता था बंदर- केवट नगर के ग्रांमीणो ने बताया कि हर वर्श बंदर गांव में होकर अखिलेश्वर महादेव मंदिर में प्रति वर्श दर्शन करने के लिए आता है। कभी कभार तो कई बंदर समूह में दर्शन करने आते है।

## यातायात नियमों का पालन कर आधे से ज्यादा सडक़ दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है- कमल दुबे

बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** परिवहन एवं सडक़ सुरक्षा विभाग द्वारा रविवार को डीग के गणेश मंदिर पर वर्ल्ड रिमेम्बरेंस डे का आयोजन किया गया। जिसमें परिवहन निरीक्षक कमल दुबे के नेतृत्व में वाहन चालकों को दुर्घटनाओं से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया गया।

इस मौके पर परिवहन निरीक्षक दुबे ने कहा कि आधे से ज्यादा दुर्घटनाएं यातायात नियमों का पालन नहीं करने से होती है।उन्होंने कहा कि दुपहिया वाहन चालक हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करे। इसके बाद सडक़ दुर्घटनाओं में मृतकों की स्मृति में गणेश मंदिर तिराहा से लक्ष्मण मंदिर तक कैंडल मार्च निकाल कर सडक़ दुर्घटनाओं में मृत हुए लोगों एवं खोई हुई प्रतिभाओं को स्मरण किया गया। इस दौरान परिवहन निरीक्षक कमल दुबे, वरिष्ठ सहायक सुशील चौधरी और विकास डांगुर,सूचना सहायक अजीतपाल सिंह ,रोहित शर्मा,नवीन कलोरिया और हंस राज मीणा, सहायक प्रोग्रामर रोहिताश्व कुमार, सुरक्षा कर्मी राजेन्द्र सिंह एवं अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### सांसद खेल महोत्सव-2025 का आज होगा भव्य शुभारंभ

# विधायक कृपलानी ने किया टी-शर्ट का विमोचन

## खेल मैदान निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र में 17 नवम्बर से आयोजित होने वाले ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल महोत्सव-2025 का आज भव्य शुभारंभ होगा। तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए रविवार को पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने महोत्सव की विशेष टी-शर्ट का विमोचन किया तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के खेल मैदान का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। महोत्सव के शुभारंभ समारोह में सांसद सी.पी. जोशी एवं पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी, प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष महावीर सिंह कृष्णावत, जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर मौजूद रहेंगे। महोत्सव को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

रविवार को महाविद्यालय प्रांगण में आयोजन स्थल के निरीक्षण के दौरान पूर्व विधायक अशोक नवलखा, निम्बाहेड़ा विधानसभा खेल प्रभारी एवं पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत, सीबीईओ अरविंद मूंदड़ा, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, जिला प्रवक्ता मानवेन्द्र सिंह चौहान, नगर उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौड़, नगर मंत्री रतन वैष्णव सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**खिलाडियों के टी-शर्ट का हुआ विमोचन**

इससे पूर्व स्थानीय भाजपा कार्यालय पर सायं पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के द्वारा सांसद खेल महोत्सव-2025 में खेलने वाले खिलाडियों के लिए टी-शर्ट का विमोचन भी संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, पंस प्रधान बगदीराम धाकड़, नितिन चतुर्वेदी, कपिल चौधरी, अशोक जाट, राजेंद्र सिंह शक्तावत, पंस विकास अधिकारी लक्ष्मण लाल खटीक, जिला मंत्री शौकीन चपलोत, नगर मंत्री धर्मपाल जाट, वरिष्ठ नेता विशाल सोनी सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

खेल महोत्सव विधानसभा प्रभारी नितिन चतुर्वेदी ने बताया कि खेल महोत्सव के माध्यम से युवाओं में खेल भावना, स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्रतिस्पर्धात्मक उत्साह बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। पूरे आयोजन को लेकर प्रशासन एवं आयोजक मंडल द्वारा व्यापक तैयारियाँ की गई हैं।

## लायंस क्लब उदयपुर लेक सिटी का दिवाली महोत्सव सद्भावना एवं सांस्कृतिक विरासत का रहा संगम

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** लायंस क्लब उदयपुर लेक सिटी द्वारा दिवाली महोत्सव का हर्षोल्लास एवं भव्यतापूर्वक आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम क्लब की पांचवी जनरल बॉडी मीटिंग के दौरान आयोजित किया गया। जिसका संचालन अध्यक्ष सिद्धार्थ चतुर एवं सचिव यतीन्द्र सिंह बाबेल द्वारा किया गया।

लायंस क्लब उदयपुर लेकसिटी की प्रवक्ता डॉ. मीना बाबेल ने बताया कि दिवाली महोत्सव को क्लब सदस्यों द्वारा अति उत्साहपूर्वक मनाया गया।साथ ही कार्यक्रम में राम-सीता का अद्भुत आगमन तथा स्वाति व माधुरी द्वारा मनमोहक प्रस्तुति कार्यक्रम में आकर्षण केंद्र रही।

इस दौरान यमराज की लघु नाटिका कार्यक्रम को आशा मेहता एवं डॉ. मीना बाबेल ने प्रस्तुत किया गया।जिसे उपस्थित गणमान्यजनों एवं क्लब सदस्यों द्वारा सराहने सहित हँसी के ठहाके गुंजायमान रहे।साथ ही कार्यक्रम में समीक्षा,ओजस,शीतल सहलोत, लॉयन डॉ. सिम्मी सिंह,डॉ. अनुभा शर्मा,प्रोवी वाही, रितु ढींगरा,विभा भट्ट,मीना गुप्ता,अरुणा मूंदड़ा,के. वी. रमेश,दीपक वाही,के.जी. मुंदड़ा,मनप्रीत ढींगरा,यतीन्द्र सिंह बाबेल,मनीष शर्मा,डॉ. दीपेंद्र सिंह चौहान,चित्रा व्यास,किरण धाभाई,के.एल. पूनमिया आदि द्वारा कार्यक्रम में प्रस्तुतियां दी गयी।

इधर कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले नन्हे बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप लॉयन अशोक जैन,मान सिंह पानगडिया एवं नरेंद्र लोढ़ा द्वारा सम्मानित किया गया।यहां लायंस क्लब उदयपुर लेक सिटी द्वारा आयोजित दिवाली स्नेह मिलन सद्भावना,उत्साह एवं सांस्कृतिक विरासत का सुंदर संगम रहा।

## दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर को पकडा है और उसके पास से तीन चोरी के दुपहिया वाहन भी जब्त किए गए है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले शातिर वाहन चोर 22 वर्षीय मोलू सिंह निवासी फर्रुखाबाद (उत्तर प्रदेश) हाल सांगानेर जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से तीन चोरी के दुपहिया वाहन (बाइक और स्कूटी) भी बरामद की है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित नशे का आदी है। जो नशे का शौक पूरा करने के लिए पहले तो अवैध शराब बेच कर पैसा कमा कर नशे का शौक करने लगा। जिस पर पुलिस ने पकडक़र जेल भेज दिया तथा जमानत होने के बाद फिर नशे का शौक पूरा करने के लिए सांगानेर इलाके से मकानों व फैक्ट्रियों के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल की रैकी कर मोटरसाइकिल चुराने लगा। आरोपित चोरी की एक्टीवा स्कुटी को बैचने के लिए शिकारपुरा रोड सांगानेर पर आया था। जिस पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। आरोपी शातिर है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

### बार एसोसिएशन कपासन द्वारा आज परमश्रेष्ठ अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन

## अधिवक्ता कल्याण ट्रस्ट का गठन एवं टिकिट विमोचन होगा विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** बार एसोसिएशन द्वारा आज परमश्रेष्ठ अधिवक्ता सम्मान समारोह एवं अधिवक्ता कल्याण ट्रस्ट का गठन तथा टिकट विमोचन समारोह का आयोजन किया जायेगा।

बार एसोसिएशन कपासन के अध्यक्ष एवं अधिवक्ता राधेश्याम वैष्णव ने बताया कि स्थानीय बार एसोसिएशन के तत्वावधान में आज सोमवार को विधिक क्षेत्र में दीर्घकालिक सेवा प्रदान करने पर सम्मानित अधिवक्ताओं के लिए परमश्रेष्ठ अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा।साथ ही अधिवक्ता कल्याण ट्रस्ट कपासन का गठन करने के साथ समारोहपूर्वक टिकिट का विमोचन किया जायेगा।उक्त समारोह का आयोजन सोमवार दोपहर 3 बजे न्यायालय परिसर कपासन में किया जायेगा।

इस समारोह के सफल आयोजन को लेकर बार एसोसिएशन कपासन उपाध्यक्ष प्रकाश राव,सचिव ठाकुरप्रसाद व्यास,कोषाध्यक्ष संपत सुथार,पुस्तकालय सचिव हरीश तुलछिया,सहसचिव गौरव दाधीच आदि पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

## लखनऊ में आयोजित होगी 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी 32 हजार से अधिक स्काउट-गाइड होंगे शामिल

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** भारत स्काउट व गाइड द्वारा प्रत्येक चार वर्ष में आयोजित होने वाला स्काउटिंग का महाकुंभ राष्ट्रीय जम्बूरी इस वर्ष लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में 23 से 29 नवम्बर 2025 तक आयोजित होगा। इस आयोजन का उद्देश्य संस्कृति का आदान-प्रदान, सेवा भावना, नेतृत्व विकास, पर्यावरण जागरूकता एवं वैश्विक मित्रता को बढ़ावा देना है सहायक लीडर ट्रेनर एवं स्थानीय संघ सचिव सुरेश चन्द फुलवारी ने बताया कि डिफेंस एक्सपो ग्राउंड, सेक्टर 15, वृन्दावन योजना, लखनऊ में होने वाली 19वीं जम्बूरी में पूरे देश से लगभग 32 से 33 हजार स्काउट-गाइड भाग लेंगे, जिनमें से करीब 9 हजार मेजबान राज्य उत्तर प्रदेश के होंगे। राजस्थान को कुल 1604 प्रतिभागियों का कोटा मिला है, जिसमें 720 स्काउट, 640 गाइड, स्काउटर, गाइडर तथा जिला एवं राज्य दल शामिल होंगे उत्तर प्रदेश को जम्बूरी की मेजबानी 61 वर्ष बाद मिली है। इससे पूर्व 1964 में

## रानी अबक्का की 500वीं जयंती के अवसर पर कपासन में महिला संवर्ग बैठक का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** रानी अबक्का की 500वीं जयंती पर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा द्वारा महिला संवर्ग बैठक का रविवार को आयोजन किया गया। शिक्षक संघ महिला मंत्री ममता रानी शर्मा ने बताया कि रानी अबक्का की 500वीं जयन्ती के अवसर पर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा कपासन द्वारा महिला संवर्ग बैठक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में उपस्थित महिला पदाधिकारियों द्वारा रानी अबक्का के जीवन से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।साथ ही महिला संवर्ग बैठक में प्रधानाचार्य मालती उपाध्याय,प्रधानाचार्य सुधा उपाध्याय द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं को कार्यक्षेत्र में आने वाली समस्याओं पर विचार रखें गये। प्रथम सत्र में डॉ. हेमलता मंडोवरा द्वारा रानी अबक्का से संबंधित ऐतिहासिक एवं इतिहास में नाम दर्ज कराने वाली विदुषी एवं वीरंगनाओं संबंधी में जानकारी दी। इधर महिला संवर्ग बैठक के द्वितीय सत्र में राजस्थान शिक्षक संघ उपशाखा महिला उपाध्यक्ष पिंकी शर्मा ने महिलाओं को कार्यक्षेत्र में आने वाली विभिन्न समस्याओं,महिलाओं से संबंधित अवकाश एवं विद्यालय समय परिवर्तन से संबंधित समस्याओं पर विचार व्यक्त किये गये।साथ ही महिला उपाध्यक्ष पिंकी शर्मा द्वारा महिला संवर्ग बैठक का सफल मंच संचालन किया गया।साथ ही उक्त कार्यक्रम मे मिनाक्षी शर्मा व चंचल बुढसाना द्वारा महिला सशक्तिकरण संबंधी विचार व्यक्त किये गये।

इस अवसर पर राजस्थान शिक्षक संघ उपशाखा कपासन में महिला पदाधिकारीयो सहित महिला शिक्षिकाओं द्वारा भाग लिया गया।कार्यक्रम में संबलनकर्ता पदाधिकारी के रूप में नाथूलाल डांगी उपस्थित रहे।

## नशा मुक्ति जागरूकता के लिए बजरंग दल की हुंकार, सैकड़ों युवाओं ने लिया भाग

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा) ।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल भीलवाड़ा महानगर द्वारा नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के अंतर्गत 9 से 16 नवंबर तक संस्कार सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में स्वस्थ भारत-स्वस्थ युवा थीम पर आधारित रन फॉर हेल्थ का आयोजन शहर के तीन स्थानों पर किया गया।

महानगर संयोजक मुकेश प्रजापत ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों तथा नशामुक्त जीवन के महत्व को युवाओं तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बजरंग दल नशा मुक्त भारत अभियान के तहत निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगा। महानगर सह संयोजक हितेश नाथ योगी ने कहा कि देशविरोधी तत्व युवाओं को नशे की ओर धकेलकर राष्ट्र की शक्ति को कमजोर करना चाहते हैं, इसलिए समाज को सतर्क रहकर नशामुक्त भारत के निर्माण की दिशा में कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में शहर के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने बताया कि नशे की लत कैंसर की तरह फैलकर नई पीढ़ी को भीतर से कमजोर कर रही है, इसी के खिलाफ जनजागरण के उद्देश्य से तीन स्थानों पर रन फॉर हेल्थ का आयोजन किया गया।

पहला कार्यक्रम प्रखंड क्रमांक 3 राणा सांगा प्रखंड के मोदी ग्राउंड में आयोजित हुआ, जहां मुख्य अतिथि के रूप में सुभाष नगर थाना अधिकारी शिवराज गुर्जर, विहिप प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख विनीत द्विवेदी, महानगर उपाध्यक्ष भारत गैंगट, महानगर सह मंत्री सुमित खंडेलवाल और सोम्य मेहता उपस्थित रहे। दूसरा कार्यक्रम प्रखंड 5 महर्षि वाल्मीकि प्रखंड के शारदा चौराहा पर आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि प्रताप नगर थाना उप निरीक्षक राजेंद्र, बजरंग दल चित्तौड़ प्रांत सह संयोजक अखिलेश व्यास, महानगर मंत्री ओमप्रकाश लड्ढा, महानगर गौ रक्षा प्रमुख रामराव और प्रखंड मंत्री विजेंद्र मिश्रा शामिल रहे। तीसरा कार्यक्रम प्रखंड 6 आजाद प्रखंड और प्रखंड 7 सरदार पटेल प्रखंड द्वारा महाराणा प्रताप सर्कल पर आयोजित हुआ, जहां मुख्य अतिथि सिटी कोतवाली थाना अधिकारी सुनील चौधरी, प्रताप नगर थाना उप निरीक्षक उगमा राम, विहिप विभाग मंत्री विजय ओझा, महानगर सत्संग सह प्रमुख घनश्याम खंडेलवाल, सरदार पटेल प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह और आजाद प्रखंड अध्यक्ष योगेश सोनी उपस्थित रहे।

सभी स्थानों पर मुख्य अतिथियों ने भगवा ध्वज दिखाकर मेराथन दौड़ का शुभारंभ किया। दौड़ के दौरान भारत माता की जय, जन-जन का एक ही नारा—नशा मुक्त हो देश हमारा—जैसे उत्साहपूर्ण उदघोषों से मार्ग गूंज उठा। कार्यक्रम में आए प्रशासनिक अधिकारियों को बजरंग दल द्वारा रन फॉर हेल्थ का प्रतीक चिह्न स्वरूप तस्वीर भेंट की

# द लर्निंग ट्री प्री स्कूल में आयोजित फन-ओ-फेयर में बच्चों ने किया धमाल

## शालिनी मित्तल व सपना डीगिया ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** जवाहर नगर स्थित द लर्निंग ट्री प्री स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर फन–ओ–फेयर 2025 का रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्रीमती शालिनी मित्तल व श्रीमती सपना डीगिया जिलाध्यक्ष एवं जिला महामंत्री, जिला अग्रवाल महासभा भरतपुर ने फीता काटकर किया। उन्होंने बच्चों के साथ बातचीत की और उनकी रचनात्मक गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन की विशेषता ये है कि इसे आयोजित करने वाले बच्चे प्ले क्लास से यू.के.जी. तक के विद्यार्थी हैं। मेले में बच्चों द्वारा लगाये गये गेम स्टॉल और फूड स्टॉल मुख्य आकर्षण रहे। छोटे–छोटे बच्चों ने अपने–अपने अभिभावकों के साथ मिलकर स्टॉल सजाये और आने वाले मेहमानों से आत्मविश्वास के साथ संवाद किया। बच्चों के लिये बनाये गये फ्री गेम जोन, डी.जे. एण्ड डांस कॉर्नर और फोटो बूथ ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में शामिल होने वाले माता–पिता, परिजन और मेहमानों ने बच्चों के उत्साह की खुलकर प्रशंसा की। मेले में आये बच्चों ने विभिन्न खेलों और गतिविधियों का भरपूर आनन्द लिया तथा फूड स्टॉल पर परोसे गये स्वादिष्ट व्यंजनों का मजा भी लिया। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय की निदेशिका श्रीमती हर्षिता गोयल ने सभी अभिभावकों व स्टॉल लगाने वाले बच्चों को धन्यवाद किया और कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सामाजिक सहभागिता को बढावा देते हैं।

# शहर के राधा-बिहारी और सुनार गली बाबा भैरवनाथ के मंदिर पर अन्नकूट का आयोजन

## सैकड़ो लोगो ने पाई पंगत प्रसादी,बाबा भैरोनाथ और ठाकुरजी को लगाया भोग



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में दीपावली की पड़वा से शुरू हुआ अन्नकूट महोत्सवों का दौर लगातार जारी है। रविवार को शहर के राधा विहारी मंदिर और सुनार गली के भैरव बाबा मंदिर पर अन्नकूट का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगो ने प्रसादी पाई। सुनार गली स्थित बाबा भैरवनाथ मंदिर के भगत पुजारी सुग्रीव गिरि ने बताया की हर वर्ष मंदिर के श्रद्धालुओं और गली के लोगों के सहयोग से बाबा भैरवनाथ पर अन्नकूट का आयोजन किया जाता है। जिसमें कढ़ी,चावल,बाजरे के साथ सभी सब्जियों का मिक्स सब्जी तैयार की जाती है। बाबा भैरवनाथ के साथ लक्ष्मण,जती जी,हनुमान जी,माता रानी और भोले बाबा को प्रसाद लगाया गया। इसके बाद सभी लोगों को अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया गया है। इस आयोजन में आकाश बंसल,विशाल सोनी,कामेश सोनी, पवन पोद्दार,भोले मंगल,पार्षद शैलेंद्र सोनी के साथ मंदिर से जुड़े तमाम लोगों का सहयोग रहा है।

वहीं शहर के गांधी पाड़ा स्थित राधा बिहारी मंदिर पर भी अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें अन्नकूट की प्रसादी मंदिर के ठाकुर जी और राधा रानी को अर्पित करने के बाद सभी श्रद्धालुओं को पंगत प्रसादी दी गई। इस आयोजन में मन्दिर के पुजारी शिवशंकर दिघर्रा, ऋषभ शर्मा सहित तमाम लोगों का सहयोग रहा।

धौलपुर जिला बृज क्षेत्र से जुड़ा होने के चलते भगवान कृष्ण से जुड़े सभी आयोजन जिले में धूमधाम से और हर्षउल्लास से मनाए जाते हैं। बृज में प्रिय अन्नकूट का यह कार्यक्रम बसंत पंचमी तक चलेगा। जिसमे शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न मंदिरों,संत आश्रमो और बाग बगीचों में यह आयोजन सामूहिक रूप से लोगों के सहयोग से किये जायेंगे।

# मॉर्निंग वॉक पर निकला युवक, ट्रेन से कटकर मौत

## रेलवे ट्रैक क्रॉस करते समय चपेट में आया, 15 दिन पहले ही हुई थी शादी

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर शहर के पीजी कॉलेज के पास एक ट्रेन हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक रविवार अलसुबह मॉर्निंग वॉक पर निकला था और घटना के समय रेलवे ट्रैक क्रॉस कर रहा था। 15 दिन पहले ही युवक की शादी हुई थी। मृतक की पहचान बजरिया ग्रांडील निवासी अनुराग राणा (30) पुत्र सुरेंद्र राणा के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि अनुराग शाम के समय घूमने के लिए निकला था। इसी दौरान वह रेलवे ट्रैक के पास पहुंच गया और अचानक गुजर रही ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि बचने की कोई संभावना नहीं रही। अनुराग की शादी 1 नवंबर को हुई थी। नवविवाहित बेटे की मौत की खबर से परिवार में शोक का माहौल है। सूचना मिलते ही स्टेशन क्षेत्र की पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस हादसे के वास्तविक कारणों की जांच कर रही है। जीआरपी चौकी प्रभारी केपी सिंह ने बताया कि युवक रविवार सुबह करीब 5 बजे को घर से टहलने के लिए निकला था, इसी दौरान वह चलती ट्रेन की चपेट में आ गया। प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि रेलवे की पटरी बदलते समय युवक का पैर पटरी में फंस गया होगा। बाहर निकलने के प्रयास में उसका पैर तो पटरी से निकल गया, लेकिन उसी दौरान चलती ट्रेन से उसका सिर टकरा गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## थार की डिमांड करता था भाजपा युवा मोर्चा का नेता

# पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पिता का आरोप- दामाद ने बेटी को मार डाला

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर में भाजपा युवा मोर्चा के नेता की पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला के पिता ने दामाद और ससुराल वालों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पीहर पक्ष को बताए बिना अंतिम संस्कार किया जा रहा था। दामाद आकाश शादी के बाद से ही बेटी से दहेज में थार एसयूवी लाकर देने की मांग करता था। आकाश और उसके परिजनों ने बेटी की हत्या कर दी। उसके शरीर पर चोट और गले पर नीले निशान थे। सबूत मिटाने के लिए ये लोग हमें बताए बिना अंतिम संस्कार करना चाहते थे। जैसे ही मुझे इसके बारे में पता चला तो पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अंतिम संस्कार रुकवाया और शव को कब्जे में ले लिया। रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर पीहर पक्ष को सौंप दिया। मामला बयाना थाना इलाके के पिदावली गांव का है।

### पुलिस ने रुकवाया अंतिम संस्कार, शव कब्जे में लिया

सेवर थाना के एसएचओ सतीश चंद ने बताया– शनिवार शाम 5 बजे कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी कि बीजेपी युवा मोर्चा के नेता आकाश फौजदार (35) निवासी पिदावली गांव की पत्नी प्रियंका (33) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। पीहर पक्ष को सूचना दिए बिना अंतिम संस्कार किया जा रहा है। इस पर बयाना थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची और अंतिम संस्कार रुकवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आरबीएम अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। एफएसल की टीम ने मौके पर सबूत जुटाए। सभी एंगल से जांच की जा रही है। प्रियंका के पिता ने उसके दामाद आकाश और ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दी है।

### दहेज में थार की डिमांड करता था दामाद (कलर बोक्स

महिला के पिता ओमप्रकाश निवासी लुहासा गांव थाना नदबई (भरतपुर) ने रिपोर्ट में बताया– बेटी प्रियंका की शादी आकाश के साथ 24 नवंबर 2018 को हुई थी। शादी में मैंने करीब 20 लाख रुपए खर्च किए थे। अपनी क्षमता के अनुसार घर का सामान और करीब 4 लाख भी कैश दिए थे। शादी के बाद से ही आकाश के परिजन प्रियंका को परेशान करते थे। पति आकाश बार–बार दहेज में थार लाकर देने की मांग करता था। प्रियंका ने इस बारे में कई बार हमें बताया था। हम कई बार उसके ससुराल वालों को समझाने गए थे। उन्होंने बताया– इन दिनों आकाश और प्रियंका भरतपुर शहर में सेवर थाना स्थित गणेश कॉलोनी में रह रहे थे। गणेश कॉलोनी के मकान पर आकाश ने प्रियंका की हत्या की और शव को पिदावली ले गया। वहां उसके परिवार के लोग प्रियंका के शव का अंतिम संस्कार करना चाहते थे।

### रिश्तेदारों ने फोन कर दी बेटी की मौत की सूचना

ओमप्रकाश ने बताया– पिदावली गांव में हमारे रिश्तेदार भी रहते हैं। उन्होंने शनिवार को सूचना दी कि प्रियंका की मौत हो गई है। उसके ससुराल वाले अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे हैं। इसके बाद मैंने आकाश और उसके परिजनों को फोन किया, लेकिन वह गुमराह करते रहे। इसके बाद हमने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। बयाना थाना पुलिस आकाश के घर पहुंची और प्रियंका के शव को कब्जे में ले लिया। इस दौरान हम भी वहां पहुंच गए थे। पुलिस ने शव को चेक किया तो उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान और गले पर नीले रंग के निशान थे। जानकारी के अनुसार, प्रियंका और आकाश के एक बेटा युवराज (7) और बेटी काव्या (5) है। आकाश फाइनेंस का काम करता है। आकाश बीजेपी युवा मोर्चा में जिला उपाध्यक्ष (2021–22) के पद पर भी रह चुका है।

# शहर के बाजार में पुलिस का पैदल गश्त

**बाड़ी ।** शहर के बाजार में अतिक्रमण और जाम की समस्या से नागरिक परेशान है और परेशान नागरिक कई बार उपखंड प्रशासन एवं पुलिस की सीएलजी बैठकों में उक्त समस्या को अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं। ऐसे में कोतवाली थाने में नवीन सीआई देवेंद्र शर्मा ने पदभार ग्रहण करने के बाद रविवार को शहर के बाजार में पैदल गश्त किया। उन्होंने ठेल–ढकेल वालों के साथ दुकानदारों से समझाया कि वे अपनी दुकानों के बाहर अतिक्रमण नहीं करें। जिससे नागरिकों के साथ वाहन चालकों को परेशानी हो और आपातकालीन परिस्थिति में एम्बुलेंस ओर फायर गाड़ी के साथ पुलिस वाहन गंतव्य तक पहुंच सके। कोतवाली थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि शहर के सीताराम बाजार चौराहा के साथ कुछ स्थान ऐसे हैं।जहां अतिक्रमण सबसे अधिक है। दुपहिया वाहनों के साथ चार पहिया वाहन बड़ी मुश्किल से निकल पाते है। इसको लेकर नागरिकों की शिकायत और अधिकारियों के निर्देश पर शहर के बाजार में किला गेट से घंटाघर, सराफा बाजार,लोहार बाजार होते हुए सीताराम बाजार और अस्पताल तक पैदल गश्त किया है।

# ईश्वर की भक्ति में समर्पण और निस्वार्थ प्रेम का महत्व

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** गंगा बाई की बगीची में इन दिनों ज्ञान, भक्ति और वैराग्य से ओत–प्रोत श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा के छठवें दिन कथा व्यास पं. ब्रजभूषण शास्त्री जी ने भगवान श्री कृष्ण की दिव्य लीलाओं में अक्रूर जी के वर्णन का विस्तार से पाठ किया। उन्होंने अक्रूर जी के निष्काम प्रेम और समर्पण का मार्मिक चित्रण किया। संदेश दिया कि ईश्वर की भक्ति में समर्पण और निस्वार्थ प्रेम का महत्व है। मनुष्य में जब अभिमान आता है तो भगवान उनसे दूर हो जाते हैं। लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है और उसे दर्शन देते है। अतः मनुष्य को अभिमान नहीं करना चाहिए। उक्त प्रवचन स्थानीय गंगाबाई की बगीची में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथा प्रवक्ता पंडित बृजभूषण शास्त्री महाराज ने दिए। श्रीमद्भागवत कथा में शनिवार को भागवत कथा में भक्तों की भारी भीड़ जुटी व्यास जी ने कथा में बताया भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस वध, महर्षि सांदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, उद्धव–गोपी संवाद, द्वारका की स्थापना, के प्रसंग का संगीतमय पाठ किया गया। कथा के दौरान भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण कर दिया। कथा में कथा प्रवक्ता पंडित बृजभूषण शास्त्री महाराज ने छप्पन भोग के बारे में भी बताया।

# गांव सालाबाद में धार्मिक समारोह में पहुंचे राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, ढोल नगाड़ों से हुआ अभूतपूर्व स्वागत

## गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा 'धार्मिक उत्सव हमारी संस्कृति की धड़कन'

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** बयाना उपखण्ड के गांव सालाबाद में रविवार को उस समय उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जब गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम गांव पहुंचे। उनके आगमन पर ग्रामीणों ने ढोल–नगाड़ों की थाप पर पारंपरिक अंदाज में जोरदार स्वागत किया। खास बात यह रही कि भारतीय किसान यूनियन अंबाबता के राष्ट्रीय महासचिव सुरेंद्र सिंह कंसाना की ओर से आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में मंत्री बेढम की आमद से कार्यक्रम का सम्मान और बढ़ गया। ग्रामीणों ने राज्यमंत्री का स्वागत 51 किलो की विशाल फूलमाला, साफा और चांदी का मुकुट पहनाकर किया। समारोह स्थल पर मौजूद जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका अभिनंदन किया। इस दौरान गांव में अलग–अलग समुदाय और पंचायत क्षेत्रों से आए लोगों की बड़ी संख्या उमड़ पड़ी। कार्यक्रम में बयाना औद्योगिक विकास समिति के अध्यक्ष दिनेश सिंह सूपा, किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मसिंह चौधरी, सहित क्षेत्र के कई पंचायती राज जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। लोगों से संवाद के दौरान राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम भारतीय संस्कृति की पहचान हैं, जो समाज को जोड़ने, रिश्तों को मजबूत करने और भाईचारे को बढ़ाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल मन को शांति देते हैं, बल्कि हमें संयमित, अनुशासित और आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा भी देते हैं। कार्यक्रम के बाद राज्यमंत्री बेढम का सोहन सिंह फार्म हाउस पर भी स्वागत सम्मान किया गया। यहां भी स्थानीय लोगों से उन्होंने मुलाकात की और क्षेत्र की आवश्यकताओं एवं विकास संबंधी मुद्दों पर चर्चा की।

# कर्मों से कोई बच नहीं सकता, आत्मा को शुद्ध कर ही जीवन सार्थक होता है - पट्टाचार्य विनीत सागर

## डीग में जैन समाज द्वारा निकाली गई भव्य रथ यात्रा, पिच्छिका परिवर्तन के साथ हुआ चातुर्मास महोत्सव का निष्ठापन

बढ़ता राजस्थान



**डीग ( नि.स. )।** जैन समाज डीग द्वारा पट्टाचार्य विनीत सागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में आयोजित तीन दिवसीय चातुर्मास निष्ठापन कार्यक्रमों के तीसरे दिन रविवार को आध्यात्मिकता, भक्ति और अनुशासन का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रातः 7 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सामूहिक श्रीजी अभिषेक, शांतिधारा और नित्य पूजन के बाद बैंड–बाजों के साथ शहर के प्रमुख मार्गो पर होकर भव्य रथयात्रा निकाली गई। आकर्षक रूप से सजाए गए रथ पर भगवान जिनेंद्र देव की वंदनिय प्रतिमा विराजमान थी। बड़ी संख्या में महिलाएँ एक समान परिधान में दौलत राम एंड पार्टी के भजनों पर भक्ति भाव से नृत्य करते हुए चल रही थीं, जबकि युवा जैन धर्म की जय और जियो और जीने दो के नारों से वातावरण को धर्ममय बना रहे थे। जैनधर्मावलंबियों ने रास्ते में जगह जगह भगवान जिनेंद्र देव की आरती उतारी। रथयात्रा के बाद पट्टाचार्य विनीत सागर महाराज का पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट और पिच्छिका परिवर्तन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें डीग के अलावा कामा, गोवर्धन, कुम्हेर, जुरहरा, सीकरी, जनूथर, कोसी, फिरोजपुर और दिल्ली से आए समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवश्य पर प्रवचन करते हुए पट्टाचार्य विनीत सागर महाराज ने कहा कि जीवन में मनुष्य चाहे कितने भी उपाय कर ले, परन्तु अपने कर्मों के फल से कोई नहीं बच सकता। उन्होंने कहा कि शुभ कर्मों का परिणाम सुख रूप में और अशुभ कर्मों का फल क्लेश और पीड़ा स्वरूप प्रकट होता है। इसलिए कर्म की शुद्धता ही आत्मा की उन्नति का मार्ग है। महाराजश्री ने समझाते हुए कहा कि कर्म केवल बाहरी कार्य नहीं होते, बल्कि मन, वचन और काया से उत्पन्न प्रत्येक विचार और व्यवहार भी कर्म का निर्माण करते हैं। यदि मनुष्य अपने विचारों को पवित्र, वचनों को मधुर और कर्मों को सात्विक बनाता है तो वह स्वयं अपने लिए उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने यह भी कहा कि शांतिधारा और शांति विधान केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मा को स्थिरता, शांति और पवित्रता देने वाले आंतरिक साधन हैं। कार्यक्रम में अध्यक्ष गोपाल प्रसाद जैन, महामंत्री वीरेंद्र जैन, सुशील कुमार जैन, संयोजक योगेश जैन , लक्ष्मी राम जैन धर्मेंद्र जैन पदम जैन अशोक जैन ,नीरज जैन, अनिल जैन सुनील जैन, गर्व जैन ,उमा जैन, नेहा जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाजजन उपस्थित रहे।

# निर्मती घोषणा-पत्र ग्रामीण भारत का आईपीओ है- सुनील गुप्ता




बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** मंजरी फाउंडेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन उद्यमिता से भविष्य गढ़ती महिलाएं का समापन निर्मती संकल्प–पत्र के विमोचन के साथ हुआ, जो महिला उद्यमिता को नीतिगत, वित्तीय एवं तकनीकी सहयोग प्रदान करने का राष्ट्रीय आह्वान करता है। जॉनसन एंड जॉनसन विजन और एबॉट का पूर्व सीएफओ, सुनील गुप्ता ने कहा कि आज यहाँ एक निवेशक के रूप में नहीं बल्कि एक बेटे, भाई और पिता के रूप में खड़ा हूँ, जो ग्रामीण भारत की माँ–बहनों को वैश्विक बाजार का सीईओ बनते देखना चाहता है। विश्व बैंक के ग्रामीण विकास वरिष्ठ विशेषज्ञ शामिक सुंदर दास ने कहा कि महिला उद्यमिता आर्थिक सशक्तीकरण से आगे बढ़कर ग्रामीण समाज के पुनर्निर्माण की आधारशिला है, क्योंकि एक मजबूत स्वयं सहायता समूह परिवार की आय दोगुनी करने के साथ पूरे गांव की निर्णय–प्रक्रिया बदल देता है। उन्होंने बताया कि निर्मती जैसी पहलें एनआरएलएम एवं मनरेगा के साथ मिलकर एक अरब डॉलर से अधिक निवेश को सही दिशा दे सकती हैं, तथा विश्व बैंक अगले तीन वर्षों में 1,000 महिला–नेतृत्व वाले उद्यमों को तकनीकी, वित्तीय व डिजिटल मार्केटिंग सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, क्योंकि यह संकल्प–पत्र महज दस्तावेज नहीं बल्कि ग्रामीण भारत की नई अर्थव्यवस्था का ब्लूप्रिंट है। कार्यक्रम में राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों की 450 स्वयं सहायता समूह सदस्य महिलाएं, सरकारी अधिकारी, कृषि–खाद्य प्रसंस्करण–डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञ, बैंक, सीएसआर इकाइयां, एनजीओ एवं सामुदायिक संगठन शामिल हुए, जिन्होंने समावेशी ग्रामीण विकास हेतु अंतर–क्षेत्रीय अनुभव एवं नीतियां साझा कीं।

# केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में प्रवासी पक्षियों का शानदार नजारा

## वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर दीपक मुदगल की मेहनत से कैद हुये दुर्लभ फोटो

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** सर्दियों की शुरुआत होते ही भारत के प्रसिद्ध पक्षी अभयारण्य केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान फिर से प्रवासी पक्षियों के स्वागत के लिए तैयार है। स्थानीय वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर दीपक मुदगल ने अपनी अथक कोशिशों से एक ऐसी तस्वीर कैद की है, जो प्रकृति प्रेमियों के दिलों को छू लेगी। धुंधले सवेरे में उड़ते हजारों पक्षियों का यह नजारा न केवल पर्यावरण की सुंदरता को दर्शाता है, बल्कि जलवायु परिवर्तन के दौर में प्रवासी पक्षियों के संरक्षण की आवश्यकता पर भी जोर देता है। फोटो में मुख्य आकर्षण पिंटेल, शोवलर, बार–हेडेड गूज, कॉमन टील, ब्राह्मणी बतख, बैडर्स, कोंडक और ग्रेलैग गूज के विशाल झुंड हैं, जो आकाश में एक साथ उड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। पृष्ठभूमि में सूखे पेड़ और जल–भराव वाले मैदान इस दृश्य को और भी जीवंत बनाते हैं। इसके अलावा, फोटो में अन्य छोटे–छोटे समूह भी नजर आते हैं। ये पक्षी मुख्य रूप से साइबेरिया, मंगोलिया और मध्य एशिया के ठंडे इलाकों से हजारों किलोमीटर की यात्रा करके यहां पहुंचे हैं। केवलादेव पार्क, जो की विश्व धरोहर स्थल भी है, इन प्रवासियों के लिए एक सुरक्षित पड़ाव प्रदान करता है, जहां वे नवंबर से मार्च तक रहते हैं।

# धौलपुर में रोड एक्सीडेंट में युवक की मौत

## यूपी से लौटा था घर, अज्ञात वाहन चालक टक्कर मारकर फरार

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र में शनिवार रात सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। सागर पाड़ा मोहल्ले के पास एक अज्ञात वाहन ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी। मृतक की पहचान महात्मा नंद की बगीची निवासी सत्य कपूर (22) पुत्र रामदीन निषाद के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार सत्य कपूर उत्तर प्रदेश में मजदूरी करता था और हाल ही में घर लौटा था। शनिवार शाम वह किसी काम से सागर पाड़ा की ओर गया था। उसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।हादसे की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने बताया कि रविवार को परिजनों की मौजूदगी में मृतक का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। साथ ही, अज्ञात वाहन चालक की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि वाहन चालक को जल्द पकड़ा जाएगा

## झालावाड़ में कांग्रेस महिला प्रकोष्ठ की संगठनात्मक बैठक में हुआ मंथन



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (नि.स.)।** जिला कांग्रेस महिला प्रकोष्ठ की संगठनात्मक बैठक रविवार को कांग्रेस कार्यालय झालावाड़ में आयोजित की गई। बैठक में जिले की प्रभारी हिमानी नंदवाना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं, जबकि अध्यक्षता जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा शर्मा ने की। हिमानी नंदवाना ने कहा कि आगामी पंचायत व निकाय चुनावों में महिलाओं की सक्रिय भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अभी से ही चुनावी तैयारियां तेज करें और अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोडने का अभियान चलाएं। उन्होंने कांग्रेस विचारधारा से जुड़े समर्पित कार्यकर्ताओं को आगे लाने पर भी जोर दिया। अध्यक्षता करते हुए वर्षा शर्मा ने बताया कि बैठक में आमजन से संपर्क बढ़ाने, संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने तथा चुनावी रणनीति को प्रभावी बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। संगठन विस्तार के लिए उपस्थित महिलाओं से सुझाव भी आमंत्रित किए गए। बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गुर्जर, विधायक सुरेश गुर्जर, नंदसिंह राठौड़, रामलाल चौहान सहित कई नेताओं ने विचार व्यक्त किए।

## जेसीआई कोटा स्टार ने दो दिवसीय अधिवेशन 'जलसा रिटर्न' में हासिल किए कई सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** जेसीआई इण्डिया जोन-5 द्वारा प्राइड रिज़ॉर्ट में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन 'जलसा रिटर्न' में जेसीआई कोटा स्टार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई महत्वपूर्ण पुरस्कार प्राप्त किए। कार्यक्रम में संस्था को चार नेशनल अवॉर्ड, 11 जोन अवॉर्ड तथा अन्य अनेक सम्मान प्रदान किए गए। संस्था के अध्यक्ष तनुज खंडेलवाल और चेयरपर्सन ऋतु खंडेलवाल ने बताया कि कोटा स्टार टीम को विभिन्न श्रेणियों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल हुईं। इनमें तनुज खंडेलवाल को गोल्ड प्रेसिडेंट अवॉर्ड, ऋतु खंडेलवाल को डायमंड लेडी जेसी अवॉर्ड, मोहित जैन को आउटस्टैंडिंग जोन वाइस प्रेसिडेंट (रीजन सी) तथा विभूति जैन को एक्सीलेंस अचीवर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। पूर्व अध्यक्ष सीए मोहित जैन ने जानकारी दी कि आगामी कार्यकाल के लिए प्रेसीडेंट तनुज खंडेलवाल को कम्युनिटी डेवलपमेंट हेतु जोन डायरेक्टर तथा विभूति जैन को ग्रीटिंग डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। संस्था अध्यक्श तनुज खंडेलवाल ने कहा कि समाज सेवा, व्यवसायिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, लाइफलाइन अवॉर्ड, जेसीआई वीक अवॉड्र्स और कई अन्य पुरस्कार मिलना कोटा स्टार टीम की मेहनत, समर्पण और टीमवर्क का परिणाम है।

## अग्रवाल महिला मंडल : पारंपरिक खेलों में महिलाओं ने दिखाया दम



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा महिला मंडल की ओर से नयापुरा जेके पेवेलियन स्टेडियम में बचपन की यादों से जुड़े पारंपरिक एवं मनोरंजक खेलों की प्रतियोगिता आयोजित की गई। महिला मंडल की अध्यक्ष शालू अग्रवाल, महामंत्री ममता गोयल एवं सोनिया मित्तल ने बताया कि प्रतियोगिता में चम्मच दौड़, नींबू दौड़, म्यूजिकल राउंड, महिला म्यूजिकल चेयर, सतोलिया और क्रिकेट जैसे खेलों में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अलग-अलग खेलों के लिए टीमों का गठन किया गया, जिससे प्रतियोगिता और भी रोमांचक बनी। जूनियर नींबू दौड़ में मान्या अग्रवाल प्रथम और जास्वी गुप्ता द्वितीय रही। सीनियर वर्ग नींबू दौड़ में हीया गुप्ता ने पहला स्थान तथा यथार्थ जैन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। महिला म्यूजिक राउंड में ममता गोयल प्रथम और पायल जैन द्वितीय रहीं। महिला म्यूजिकल चेयर में उषा अग्रवाल प्रथम तथा कमला अग्रवाल द्वितीय रहीं, जबकि पुरुष वर्ग म्यूजिकल चेयर में उपेंद्र राय जैन ने पहला और अनिल अग्रवाल ने दूसरा स्थान हासिल किया। सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में शिखा गुप्ता, पूनम जैन, डॉ. निशु गोयल, प्रतिमा गोयल, विमला बंसल, इंद्रा गुप्ता, राधा अग्रवाल सहित महिला मंडल की अनेक सदस्य उपस्थित रहीं।

## हजारों युवाओं ने तिरंगा थामकर दिया 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**भवानीमंडी, (अब्दुल सलीम मंसूरी)।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भवानी मंडी में 'सरदार/150 यूनिटी मार्च पदयात्रा' का भव्य आयोजन किया गया। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में मेरा युवा भारत (झालावाड़) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों युवाओं ने हाथों में तिरंगा थामकर 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' का संदेश दिया। पदयात्रा का आयोजन पीएम श्री सेठ आनंदीलाल पोद्दार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से मैल मैदान तक हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा सरदार पटेल एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण से की गई। स्वागत उद्बोधन में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी पवन कुमार पाटीदार ने सरदार पटेल के विराट व्यक्तित्व का वर्णन करते हुए उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान को रेखांकित किया। पदयात्रा के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक हर्षवर्धन शर्मा ने युवाओं से सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया तथा उन्हें सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान से अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपखंड अधिकारी भवानीमंडी श्रद्धा गोमे उपस्थित रहीं। उन्होंने युवाओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई तथा सरदार पटेल के एकता एवं अखंडता के आदर्शों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उनके जीवन से सीखने की अनेक प्रेरणाओं के साथ ग्रहण करने के लिए सभी को प्रेरित किया। जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत झालावाड़ ने इस अभियान के बारे में बताया कि पदयात्रा के अलावा इस अभियान के तहत मेरा युवा भारत पोर्टल पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

धड़ल्ले से खनिज चेकिंग की काटी जा रही हैं रशीदें


# रॉयल्टी सेल टैक्स के नाम पर पत्थर गिट्टी व एमसेंड के वाहनों से हजारों रुपए की सादा पर्चियों पर हो रही है चौथ वसूली

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी(मुकेश गोस्वामी)।** कोटा जिले के इटावा क्षेत्र के खातौली कस्बे की पार्वती नदी किनारे करीब 6 -7 महीने से रॉयल्टी सूचना बोर्ड के अनुसार चेक पोस्ट रॉयल्टी संग्रहण ठेका खनिज मैंशनरी स्टोन व सेंडस्टोन का बोर्ड एवं रोड पर बेरीकेटिंग लगाकर आधा दर्जन लोगों द्वारा धड़ले से खनिज चेकिंग की रशीदे काटी जा रही है। मध्यप्रदेश से आने वाले ऑनलाइन रॉयल्टी सुधा पत्थरों से भरे हुए ट्रैक्टरो को रुकवा कर रजिस्टर में एन्ट्री की बात भी सामने आई है वही एमसेंड से भरे डंपर से रॉयल्टी के नाम से 2000 रूपय लिए और और डंपर चालकों केवल सदा रसीद देकर रवाना कर दिया और खनिज ले जाने वाले वाहनों के ड्राइवर से कहते हैं की मीईनिंग की गारंटी हमारी और कोई दूसरा विभाग पकड़े तो हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं। ऐसे मामले में खनिज लाने वाले वाहन चालकों के साथ धोखाधड़ी जैसी बाते सामने आने के बाद इटावा एसडीएम हेमन्त घनघोर ने मौके पर जाकर रजिस्टर एवं रॉयल्टी बुक को चेक




किया और नाका पर रहने वाले लोगों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि हम तो




केवल खनिज लाने वाले वाहनों के नंबर नोट करते हैं हम किसी से पैसे नहीं लेते हैं। गौरतलब है वाहन चालकों की माने तो चेक पोस्ट नाके पर लाल कलर की सादा रसीद दी जाती है जिसमें खनिज का वजन एवं वहान नंबर ड्राइवर का नाम और मोबाइल नंबर समय आदि लिखकर दिया जाता है और बदले में किसी से 1000 रुपए तो किसी से 2000 रुपए लिए जाते हैं।

वही मध्य प्रदेश से राजस्थान से पत्थर धवन करने वाले ट्रैक्टर मालिकों की माने तो उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले से हम पत्थर खदानों से ट्रैक्टर ट्रॉली की ऑनलाइन रॉयल्टी कटती है जिसे पूरे भारत में कहीं भी ऑनलाइन देखा जा सकता है परंतु यह खातौली का एक ऐसा रॉयल्टी चेकपोस्ट नाका है जिसकी रॉयल्टी किसी भी साइट पर दिखाई नहीं देती है और माइनिंग विभाग के अलावा किसी अन्य विभाग द्वारा हमारे वाहनों को पकडने की कोई गारंटी भी नहीं लेते हैं। जबरन वाहनों को खड़ा करवरकर कच्ची पर्ची काट देते हैं और 500,,1000 व डंपरो से 2000 रुपए तक लेते हैं।

ऐसे में सवाल यही उठता है कि कच्ची पर्चियो पर खनिज वाहन चालकों से चौथ वसूली करने वालो के खिलाफ अब तक कोई जागने को तैयार क्यों नहीं है या फिर कुछ और ही गड़बड़ झाला चल रहा है? जब इस मामले में हमारे द्वारा जिला खनिज विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया तो उन्होंने फोन ही नहीं उठाया।

### इनका कहना

खातौली रॉयल्टी चेकपोस्ट नाके पर गया था परंतु चेक पोस्टनाके के कर्मचारियों ने बताया कि हम केवल खनिज वाहनों के नंबर रजिस्टर में नोट करते हैं हम किसी को कच्ची पर्चियां देकर पैसे नहीं लेते हैं।

**इटावा उपखंड अधिकारी हेमन्त घनघोर**

पेड और अनपेड रवनौ की जांच की जाती है ताकि बिना रॉयल्टी के खनिज वाहनों की चेकिंग की जा सके यदि बिना रॉयल्टी के कोई खनिज वाहन आता है तो ओरिजिनल रॉयल्टी दी जाती है सादा पर्ची पर हमारी कोई मोहर या नाम तो नहीं लिखा है हम कैसे माने की यह राशिद हमने दी है।

**तहसील अंता,मांगरोल, दीगोद,पीपल्दा, रॉयल्टी चेकपोस्ट नाका ठेकेदार।**

## राजपूत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की मुहिम, समाज ने शुरू की मासिक पेंशन योजना



बढ़ता राजस्थान

**कोटा।** राजपूत समाज कोटा संगठन की ओर से रविवार को कंसुआ स्थित श्यामवन मैरिज गार्डन में 'शक्ति' के बैनर तले सामाजिक सहयोग की अनूठी पहल शुरू की गई। समाज के सदस्यों ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को नियमित पेंशन और स्वरोजगार सहायता प्रदान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के आयोजक रविन्द्र सिंह हाड़ा'नरेश' ने बताया कि हाल ही में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में समाज की 21 महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में सिलाई मशीनें वितरित की गई थीं। उसी दौरान यह निर्णय लिया गया कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए मासिक पेंशन योजना शुरू की जाएगी। इसी क्रम में रविवार को 15 जरूरतमंद महिलाओं को 800 रुपये की मासिक पेंशन प्रदान की गई, वहीं एक महिला को स्वरोजगार हेतु 11,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी गई। बैठक में यह सहमति बनी कि समाज प्रत्येक माह इन परिवारों को पेंशन उपलब्ध कराएगा और कम से कम एक महिला को स्वरोजगार के लिए नकद राशि दी जाएगी, ताकि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में निरंतर सहयोग मिल सके। कार्यक्रम में लोकेंद्र सिंह राजावत, गोपाल सिंह कानावत, हिम्मत सिंह हाड़ा, रविन्द्र सिंह हाड़ा नरेश, भवानी सिंह सोलंकी, महावीर सिंह शक्तावत, विवेक सिंह सिसोदिया, मुकेश सिंह राजावत, भेरू सिंह राठौड़,हेमलता चौहान, हरिओम सिंह भदौरिया और राजेश सिंह परिहार सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। और सामाजिक उत्थान पर अपने विचार व्यक्त किए।

## हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी इंसाफ और रेहान रंगीला गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** थाना उद्योग नगर पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे ईनामी इंसाफ और रेहान रंगीला को गिरफ्तार कर लिया।

जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम आईपीएस ने बताया कि 06 नवम्बर 2025 को न्यू मोटर मार्केट क्षेत्र में आरोपी इंसाफ और उसके साले रेहान ने धारदार हथियारों व देशी कट्टे से हमला कर आसिफ खान उर्फ कालिया को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इलाज के दौरान 08 नवम्बर को उसकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए थे। उनकी गिरफ्तारी हेतु 5000-5000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी और वृत्ताधिकारी पंचम रूद्रप्रकाश शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह पुनि के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर आरोपियों की तलाश




शुरू की गई। टीम ने घटनास्थल व आसपास के क्षेत्रों के लगभग 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले तथा मुखबिर सूचना के आधार पर 16 नवम्बर को रमण वाटिका के पास मुख्य नहर क्षेत्र से दोनों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तारी में कानि. वेदवीर की मुख्य भूमिका रही। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि सब्जी मंडी में थोक-फुटकर फल बिक्री को लेकर मृतक आसिफ खान से विवाद और रंजिश चल रही थी। इसी कारण दोनों ने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया ।

## कुदायला-अमरपुरा में डीज़ल चोरी का सिलसिला जारी: कोटा स्टोन फैक्ट्रियों में खड़े ट्रकों पर गिरोह का कहर

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी/कुदायला/अमरपुरा(प्रमोद राठौर)।** कोटा स्टोन की फैक्ट्रियों में रात के समय डीज़ल चोरी की घटनाएँ लगातार बढ़ती जा रही हैं। शनिवार देर रात अमरपुरा स्थित एक फैक्ट्री में खड़े ट्रक से फिर डीज़ल चोरी कर लिया गया। ट्रक मालिक का कहना है कि यह घटनाएँ रोज़ाना हो रही हैं।

ट्रक मालिकों के अनुसार, चोर प्रतिदिन अलग-अलग मात्रा में कभी 5 लीटर, कभी 10 लीटर, तो कभी 15 लीटर—डीज़ल निकाल ले जाते हैं। कई महीनों से यह गिरोह सक्रिय है और कार्रवाई न होने से इनके हौसले लगातार बढ़ रहे हैं।फैक्ट्री मजदूरों का कहना है कि चोरी के दौरान चोर उन्हें धमकाकर चुप करा देते हैं किसी को बताया तो अंजाम अच्छा नहीं होगा।

डर के कारण न मजदूर कुछ बोल पाते हैं और न ही हिम्मत जुटा पाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह केवल चोरी नहीं, बल्कि आगे चलकर किसी बड़ी दुर्घटना या गंभीर घटना का कारण भी बन सकता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इससे पहले भी अमरपुरा में 5 से अधिक दुकानों में चोरी हो चुकी है। उस मामले में भी अभी तक कोई खुलासा नहीं हो पाया है। चोर वहाँ से भी बड़ी मात्रा में सामान लेकर फरार हो गए थे, जिससे इलाके में असुरक्षा का माहौल पहले से ही बना हुआ है।

## खेल गतिविधियों के लिए नया रेलवे कॉम्प्लेक्स तैयार

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा मंडल में रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के लिए अत्याधुनिक रेलवे इंस्टीट्यूट एवं सामुदायिक भवन परिसर का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। यह बहुउद्देश्यीय परिसर टीए कैंप के पास रेलवे अस्पताल के पीछे लगभग 2600 वर्गमीटर क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है। परियोजना की अनुमानित लागत 14.92 करोड़ रुपए है तथा इसे सुरक्षित, आधुनिक एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया जा रहा है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि परियोजना को चरणबद्ध तरीके से निर्धारित



प्रक्रियाओं के अनुसार क्रियान्वित किया जा रहा है। निर्माण कार्य को 31 जनवरी 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। परिसर में लगभग 900 वर्गमीटर क्षेत्रफल का राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अत्याधुनिक बैडमिंटन हॉल विकसित किया जा रहा है, जिसकी ऊंचाई 9 मीटर होगी तथा लकड़ी की उच्च गुणवत्ता वाली फ्लोरिंग लगाई जा रही है। सामुदायिक भवन में सांस्कृतिक, सामाजिक और पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए पर्याप्त स्थान व मंच का निर्माण किया जा रहा है। यह परियोजना रेलवे कर्मियों व उनके परिवारों को एक ही स्थान पर आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

कोटावासियों ने उत्साहपूर्वक लिया पदयात्रा में हिस्सा

# पूर्व उपप्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर कोटा में निकला यूनिटी मार्च

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर रविवार सुबह शहीद स्मारक से भव्य पदयात्रा (यूनिटी मार्च) निकाला गया। तिरंगा हाथों में लिए बड़ी संख्या में कोटावासियों ने उत्साहपूर्वक पदयात्रा में हिस्सा लिया। मार्च में युवा, छात्र-छात्राएं, खिलाड़ी, सरकारी अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए। कच्छी घोड़ी कलाकारों की प्रस्तुतियां मार्च का मुख्य आकर्षण रहीं, वहीं छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की विभिन्न रियासतों का एकीकरण कर




भारत को मजबूत और अखंड राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। उन्होंने कहा कि 150वीं जयंती पर राष्ट्र निर्माण को और सशक्त करने का संकल्प लिया जाना चाहिए। लाडपुरा विधायक कल्पना देवी ने बताया कि रियासतों के एकीकरण के समय कोटा महाराव ने राजकोष खोलकर महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने सरदार पटेल के ऐतिहासिक प्रयासों को अविस्मरणीय बताया। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश जैन ने सरदार पटेल को भारत की एकता का प्रतीक बताया।

पदयात्रा शुरू होने से पूर्व सभी अतिथियों—शर्मा, कल्पना देवी, जैन, एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला, नगर निगम आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा तथा संयोजक राकेश मिश्रा सहित सभी गणमान्य लोगों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया और सरदार पटेल की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## आतंकी मॉड्यूल के कॉन्टैक्ट वाले 200 लोग रडार पर:डॉ. मुजम्मिल और डॉ. शाहीन ने मदद के नाम पर रुपए बांटे; अब तक 60 हिरासत में

**फरीदाबाद।** दिल्ली ब्लास्ट मामले की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, कई चौंकाने वाले खुलासे हो रहे है। अब सुरक्षा एजेंसियों की जांच में फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी के डॉ. मुजम्मिल और लेडी डॉ. शाहीन की मोबाइल की कॉल डिटेल और डिजिटल ट्रांसफर पेमेंट्स से चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। पता चला है कि आतंकियों ने अपने मकसद में कामयाब होने के लिए मदद के नाम पर कई लोगों के रुपए बांटे। उनकी पूरी साजिश का केंद्र फरीदाबाद का धौज व फतेहपुर तगा गांव और नूंह जिला रहा। इस व्हाइट-कॉलर टेरर मॉड्यूल ने करीब 200 लोगों को किसी न किसी तरह से अपने संपर्क में रखा था। इनमें से करीब 60 लोग नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी और पुलिस की हिरासत में हैं, जबकि 40 मोबाइल फोन जब्त किए जा चुके हैं। इनमें से कई फोन एन्क्रिप्टेड ऐप्स के सस्पेक्टेड ग्रुप्स से जुड़े मिले हैं। इनके बारे में चेन बनाकर जांच की जा रही है।

## राबड़ी आवास खाली, रोहिणी के बाद 3 बेटियां दिल्ली रवाना:रोहिणी बोलीं- मुझे गंदा कहा, मारने के लिए चप्पल उठाई

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद लालू परिवार में टकराव बढ़ गया है। राजनीति छोड़ने और अपने परिवार से नाता तोड़ने के ऐलान के एक दिन बाद रोहिणी आचार्य ने एक के बाद एक 2 सोशल मीडिया पोस्ट कर तेजस्वी यादव और संजय यादव पर गंभीर आरोप लगाए।

रोहिणी आचार्य के राबड़ी आवास छोड़ने के बाद रविवार को तीन और बहनों रागिनी, राजलक्ष्मी और चंदा यादव भी दिल्ली रवाना हो गई है। ये तीनों बहनें अपने परिवार और बच्चों के साथ चली गई हैं। अब राबड़ी आवास खाली हो गया है।

वहीं दिल्ली में रोहिणी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि चप्पल वाली बात सही है। रोहिणी जो बोलती है सही बोलती है। ये बात तेजस्वी, संजय और रमीज से पूछिए। मेरे माता-पिता रो रहे थे। मेरी बहनें रो रही थी मेरे लिए। भगवान न करे कि किसी के घर में मेरी जैसी बेटी हो।

## गुजरात- शादी से पहले मंगेतर ने युवती की हत्या की:एक घंटे पहले साड़ी को लेकर विवाद हुआ था; दोनों डेढ़ साल से लिव इन में थे

**भावनगर।** गुजरात के भावनगर में शनिवार को शादी से एक घंटे पहले एक युवती की उसके मंगेतर ने हत्या कर दी। घटना प्रभुदास झील के टेकरी चौक के पास स्थित घर में हुई। वारदात के बाद आरोपी घर में तोड़फोड़ कर वहां से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी साजन बरैया और पीड़ित सोनी हिम्मत राठौड़ करीब डेढ़ साल से लिव इन में रह रहे थे। दोनों के परिवार ने शुरुआत में शादी का विरोध किया लेकिन इसके बावजूद दोनों ने सगाई कर ली थी और ज्यादातर रस्में भी पूरी हो चुकी थीं। डीएसपी आरआर सिंघल ने बताया कि शनिवार रात को दोनों की शादी से पहले दोनों के बीच साड़ी और पैसों को लेकर विवाद हुआ। बहस बढ़ने पर साजन ने लोहे के पाइप से हमला किया और सोनी का सिर दीवार पर दे मारा। जब परिवार को शोर सुनाई दिया तो वे लोग सोनी के कमरे की तरफ भागे लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद पीड़ित के बड़े भाई विपुल ने गंगाजलिया पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने युवती के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## भारत की युवा शक्ति और कोरियाई टेक्नोलॉजी एक अच्छा मिश्रण, दोनों देशों को होगा फायदा : हरदीप पुरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने अपने कोरियाई दौरे के दौरान आज रविवार को कहा कि भारत की युवा शक्ति और कोरियाई टेक्नोलॉजी एक अच्छा मिश्रण है और इससे दोनों देशों को फायदा होगा।

दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल के दौरे पर गए पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा,कोरिया में करियर और शिक्षा के अवसर तलाश रहे युवा भारतीय पेशेवरों और छात्रों के एक समूह से जुड़कर मुझे बहुत खुशी हुई। पुरी ने आगे कहा, उन्होंने (भारतीय पेशेवरों और छात्रों) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वृद्धि और विकास के लिए अपने सपनों और उत्साह के बारे में पूरे मनोभाव से बात की।

इस दौरे पर पुरी ने कई दक्षिण कोरियाई कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बातचीत की और भारत एवं कोरिया के बीच विशेषकर शिपबिल्डिंग में साझेदारी के अवसर की खोज की। सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर की एक पोस्ट में पुरी ने कहा, हमारे ऊर्जा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम माल ढुलाई पर सालाना लगभग 5-8 अरब डॉलर खर्च करते हैं और उन्हें फिलहाल लगभग 59 जहाजों की आवश्यकता है। हनवा ओशन जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियों के लिए भारत के साथ काम करने और इन जहाजों का निर्माण करने का एक बड़ा अवसर है।

# जोधपुर में ट्रक-टेम्पो की टक्कर में 5 श्रद्धालुओं की मौत

### रामदेवरा दर्शन करने जा रहे थे, 12 घायल, सभी जोधपुर रेफर

बढ़ता राजस्थान

**बालेसर (जोधपुर)।** जोधपुर में ट्रक और टेम्पो की टक्कर में 5 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि बच्चों समेत 12 लोग घायल हैं। घायलों को पहले बालेसर के सरकारी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां से जोधपुर के मथुरा दास माथुर हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया गया। सभी गुजरात के साबरकांठा से रामदेवरा दर्शन करने जा रहे थे। हादसा जोधपुर-जैसलमेर नेशनल हाईवे-125 पर बालेसर (जोधपुर) के पास खारी बेरी गांव में रविवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे हुआ।

**दो की जोधपुर में इलाज के दौरान मौत**-टेम्पो में आगे बैठे महेंद्र ने बताया- टेम्पो सवार सभी लोग गुजरात के साबरकांठा से रामदेवरा जा रहे थे। टेम्पो में महिलाओं और बच्चों समेत करीब 20 लोग सवार थे। खारी बेरी गांव में हादसा हुआ। टेम्पो सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दो लोगों ने जोधपुर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था।

#### 7 बच्चों समेत 12 घायल

हादसे में गुजरात के साबरकांठा के रहने वाले 7 बच्चों समेत 12 लोग घायल हो गए। घायलों में महेंद्र सिंह (35) पुत्र जवान सिंह मकवाना, कालूसिंह (32) पुत्र हिम्मत सिंह परमार, हिम्मत सिंह (60) पुत्र राज सिंह परमार, किशाभाई (25) पुत्र भीखा भाई वारन्ध, अनुराधा (12), वीरा (10), उमा (14), आराधना (15), हनी (8), निकिता (14), आशिक (10), अर्जुन (20) शामिल है। सभी घायलों का इलाज जोधपुर के एमडीएम अस्पताल में जारी है।

#### मृतकों में 4 बच्चे भी

मृतकों में 4 बच्चे भी शामिल हैं। इसके अलावा कोकिला (58) पत्नी कालूसिंह परमार निवासी रुगनाथपुरा, साबरकांठा, प्रिया (14) पुत्री तारु सिंह परमार निवासी रघुनाथपुरा, साबरकांठा की पहचान हो गई है।

बाकी शवों की पहचान नहीं हो पाई है।



**तीन एंबुलेंस मौके पर पहुंची**

हादसा होते देख वहां से गुजर रहे वाहन चालकों ने एंबुलेंस और बालेसर थाने में सूचना दी। बालेसर, आगोलाई और हाईवे की तीन एंबुलेंस पहुंचीं। घायलों को एंबुलेंस और अन्य वाहनों की सहायता से बालेसर सीएचसी लाया गया। यहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया गया। पुलिस ने तीनों शवों को बालेसर सीएचसी की मॉर्च्युरी में रखवाया है।

## अटारी-वाघा बॉर्डर रिट्रीट सेरेमनी के समय में बदलाव

### शाम 4.30 से 5 बजे तक होगी, सर्दियों के दौरान लागू रहेगा नया टाइम टेबल

बढ़ता राजस्थान

**अमृतसर।** सीमा सुरक्षा बल ने अटारी-वाघा बॉर्डर पर रोजाना होने वाली प्रसिद्ध बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी के समय में बदलाव किया है। बढ़ती ठंड और दिन छोटे होने की सूरत में दिन की रोशनी और पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लागू किया गया है। बीएसएफ अधिकारियों ने बताया कि नए नियम के अनुसार- सेरेमनी 4:30 बजे शुरू होगी और 5:00 बजे समाप्त होगी। पहले इसका समय 5:00 से 5:30 बजे तक था। इस बदलाव का उद्देश्य यह है कि सर्द मौसम में शाम जल्दी ढलने और तापमान तेजी से गिरने के कारण पर्यटक बिना किसी परेशानी के बेहतर माहौल में इस ऐतिहासिक सेरेमनी का आनंद ले सकें।

# पहले लोग संघ के काम पर हंसते थे : भागवत

### कहा : तब कोई प्रचारक बने, ऐसी परिस्थिति नहीं थी, आज डंका बज रहा है

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा- पहले लोग संघ के काम पर हंसते थे। डॉ. हेडगेवार पर भी हंसते थे, कहते थे नाक साफ नहीं कर सकते। ऐसे बच्चों को लेकर यह राष्ट्र निर्माण करने चले हैं। इस तरह का उपहास होता था। विचार भी अमान्य था। लोग कहते थे हिंदू संगठन मेंढक तोलने जैसी बात है, हो नहीं सकता है। हिंदू को काहे जगा रहे हो, मृत जाति है। काम करने के लिए शरीर चले, इसकी भी व्यवस्था नहीं थी। वहीं आज संघ का काम चर्चा और समाज के स्नेह का विषय बना हुआ है। संघ के स्वयंसेवकों और प्रचारकों ने क्या-क्या किया है, इसका डंका बज रहा है। भागवत ने रविवार को जयपुर में ये बातें कही। आरएसएस सरसंघचालक मालवीय नगर स्थित पाथेय भवन में राजस्थान के दिवंगत प्रचारकों के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित पुस्तक और यह जीवन समर्पित के विमोचन समारोह में संबोधित कर रहे थे। मोहन भागवत ने कहा- उस समय कोई प्रचारक बने, ऐसी भी कोई परिस्थिति नहीं थी। सामने सब अंधेरा ही था। ऐसे में प्रचारक बनना, मतलब अंधेरे में कूदना। अपने भविष्य पर अपने ही हाथ से मिट्टी पोत देना था, लेकिन एक भाव था। मेरी भारत माता के लिए मैं ना करूं तो कौन करेगा। उस समय प्रचारक निकले, देशभर में गए। काम खड़ा किया, कार्यकर्ता खड़े किए। इतनी सुदृढ़ नींव बनाकर वो गए।

#### समाज में संघ की स्वीकार्यता बढ़ी है, डंके बज रहे

सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा- आज संघ की परिस्थिति में बहुत बड़ा अंतर आया है। आज संघ का काम चर्चा और समाज के स्नेह का विषय बना हुआ है। संघ के स्वयंसेवकों और प्रचारकों ने क्या-क्या किया है, इसके डंके बज रहे हैं। उन्होंने कहा- सौ साल पहले कौन कल्पना कर सकता था कि ऐसे ही शाखा चलाकर राष्ट्र का कुछ होने वाला है? लोग तो कहते ही थे कि हवा में डंडे घुमा रहे हैं। कुत्ते भी मारने के ये काम नहीं आएंगे। ये क्या राष्ट्र की सुरक्षा करेंगे? आज संघ शताब्दी वर्ष मना रहा है और समाज में संघ की स्वीकार्यता बढ़ी है।




#### संघ की प्रतिस्पर्धा में कई लोगों ने शाखाएं चलाई, 15 दिन भी नहीं चली

संघ के कार्य के बारे में जानकारी देते हुए भागवत ने कहा- संघ स्वयंसेवकों के भाव-बल और जीवन-बल पर चलता है। मानसिकता से हर स्वयंसेवक प्रचारक ही हो जाता है। संघ की यही जीवन शक्ति है। संघ यानी हम लोग स्वयंसेवक हैं।

संघ यानी स्वयंसेवकों का जीवन और उनका भावबल है। आज संघ बढ़ गया है। कार्य की दृष्टि से अनुकूलताएं और सुविधाएं भी बढ़ी हैं, परंतु इसमें बहुत सारे नुकसान भी हैं। हमें वैसा ही रहना है, जैसा हम विरोध और उपेक्षा के समय थे। उसी भावबल से संघ आगे बढ़ेगा।

## पीएम मोदी ने बुलेट ट्रेन परियोजना की समीक्षा की, इंजीनियरों और कर्मचारियों से की बातचीत

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात में देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना का काम तेजी से किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सूरत में निर्माणाधीन बुलेट ट्रेन स्टेशन का दौरा किया और मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की प्रगति की समीक्षा की। शनिवार को पीएम मोदी बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर गुजरात दौरे पर पहुंचे थे। वह सूरत बुलेट ट्रेन स्टेशन पर पहुंचे, जहां उन्होंने काम में लगे इंजीनियरों और कर्मचारियों से बातचीत भी की। वहीं आज रविवार को इससे संबंधित एक वीडियो भी सामने आया, जिसमें पीएम मोदी सूरत स्टेशन पर काम की बारीकी से जांच करते हुए नजर आए। पीएम मोदी ने बुलेट ट्रेन परियोजना के काम में लगे इंजीनियरों और कर्मचारियों से बातचीत की। उन्होंने पूछा कि



काम में किसी तरह की परेशानी तो नहीं आ रही है और प्रोजेक्ट को सफल बनाने के लिए किस तरह से काम किया जा रहा है? इस दौरान कर्मचारियों ने बताया कि हर स्तर पर पूरी मेहनत और बारीकी के साथ काम किया जा रहा है।

कर्मचारियों से बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने उनसे कहा कि ये जो आपके अनुभव है अगर वो रिकॉर्डेड होंगे, एक ब्लू बुक की तरह तैयार होते हैं, तो देश में हम बहुत बड़ी मात्रा में बुलेट ट्रेन की दिशा में जाने वाले हैं। अब हम नहीं चाहेंगे हर लोग नया प्रयोग करें।

यहां से जो सीखा हुआ है, वो वहां रिप्लिका होना चाहिए। लेकिन वो रिप्लिका तब होगा कि क्यों ऐसा करना पड़े इसका ज्ञान होगा तो होगा। वरना क्या होगा कि वो ऐसे ही कर देंगे। अगर इस प्रकार का कोई रिकॉर्ड आप मेंटेन करते हैं। भविष्य में स्टूडेंट्स के लिए भी काम आ सकता है। जिंदगी यहीं खपा देंगे, देश को कुछ देकर जाएंगे।

## परिसीमन पर डोटासरा बोले- हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

### कहेंगे कि इनको 31 दिसंबर तक का समय दे रहे हो, आप कौन होते हो?

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सीकर में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- परिसीमन के लिए हम लोग सुप्रीम कोर्ट में जाएंगे। हम सुप्रीम कोर्ट में कहेंगे कि इनको परिसीमन के लिए 31 दिसंबर तक का समय दे रहे हो आप, आप कौन होते हो? इनको परिसीमन के लिए समय क्यों दिया जा रहा है? एक तरफ आप कह रहे हो कि परिसीमन में आपकी कोई दखलंदाजी नहीं है। एक तरफ आप खुद ही इन्हें समय दे रहे हो।

डोटासरा ने कहा- पुराने सीएस सबका ताबीज बनाकर गए हैं। अब नए सीएस आए हैं। वे सरकार के मंत्रियों की इच्छा के मुताबिक उन्हें एसए (स्पेशल असिस्टेंट) भी दे दें तो उनके मंत्रियों की पूछ हो जाएगी। डोटासरा ने कहा- सरकार कितने ही दिन टाल दे, लेकिन एक न एक दिन नगर निकाय और ग्राम पंचायतों के चुनाव करवाने पड़ेंगे।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# एसआईआर : दूसरे चरण के लिए 50.97 करोड़ से अधिक ईपीएफ तैयार, अब तक बांटी गईं 97.52 प्रतिशत पर्चियां

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे चरण के तहत मतदाता पर्चियों (ईपीएफ) की छपाई और वितरण की स्थिति पर रविवार को अपडेट जारी किया। छपाई में राजस्थान को छोड़कर सभी राज्यों ने 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया, जबकि वितरण में गोवा और लक्षद्वीप ने शत-प्रतिशत सफलता पाई। सबसे कम वितरण केरल (93.72 प्रतिशत) और पुडुचेरी (94.10 प्रतिशत) में रहा।



चुनाव आयोग के रविवार दोपहर 3 बजे जारी बुलेटिन के अनुसार, 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 50 करोड़ 99 लाख 72 हजार 687 मतदाताओं के लिए 50 करोड़ 97 लाख 43 हजार 180 पर्चियां (99.95 प्रतिशत) छप चुकी हैं, जबकि 49 करोड़ 73 लाख 39 हजार 480 पर्चियां (97.52 प्रतिशत) मतदाताओं तक वितरित की जा चुकी हैं। गौरतलब हो, यह प्रक्रिया 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक चलेगी, जिसमें मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन और ईपीएफ वितरण शामिल है। आयोग ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करने का अनुरोध किया है ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

अंडमान-निकोबार में 3 लाख 10 हजार 404 पर्चियां (100 प्रतिशत) छपीं और 3 लाख 10 हजार 204 (99.94 प्रतिशत) वितरित हुईं। छत्तीसगढ़ में 2 करोड़ 12 लाख 30 हजार 737 पर्चियां पूरी छपीं, जिनमें से 2 करोड़ 5 लाख 8 हजार 57 (96.60 प्रतिशत) पहुंचाई गईं। गोवा में 11 लाख 85 हजार 34 पर्चियां (100 प्रतिशत) छपीं और सभी वितरित हुईं।

गुजरात में 5 करोड़ 8 लाख 43 हजार 436 में से 5 करोड़ 4 लाख 15 हजार 497 (99.16 प्रतिशत) वितरित हुईं। केरल में 2 करोड़ 78 लाख 50 हजार 855 में से 2 करोड़ 61 लाख 1 हजार 675 (93.72 प्रतिशत) पर्चियां पहुंचीं। लक्षद्वीप में सभी 57 हजार 813 पर्चियां छपीं और पूरी वितरित हुईं।

मध्य प्रदेश में 5 करोड़ 74 लाख 6 हजार 143 में से 5 करोड़ 70 लाख 89 हजार 80 (99.45 प्रतिशत) पर्चियां वितरित हुईं।

राजस्थान में 5 करोड़ 46 लाख 56 हजार 215 (99.58 प्रतिशत) छपीं और 5 करोड़ 38 लाख 69 हजार 336 (98.15 प्रतिशत) पर्चियां वितरित हुईं। तमिलनाडु में 6 करोड़ 41 लाख 14 हजार 583 छपीं और 6 करोड़ 54 हजार 300 (93.67 प्रतिशत) पर्चियां वितरित हुईं।

उत्तर प्रदेश में 15 करोड़ 44 लाख 30 हजार 92 में से 15 करोड़ 7 लाख 92 हजार 212 (97.64 प्रतिशत) पर्चियां पहुंचीं। पश्चिम बंगाल में 7 करोड़ 66 लाख 36 हजार 294 में से 7 करोड़ 59 लाख 94 हजार 997 (99.16 प्रतिशत) वितरित हुईं।

आयोग ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) की मंजूरी से बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) नियुक्त करते हैं। आयोग के अनुसार कुल 5 लाख 33 हजार 93 बीएलओ और 10 लाख 41 हजार 291 बीएलए कार्यरत हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) से प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोंक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार